दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



चार साल बाद आएगा वरुण की फिल्म भेड़िया का सीक्वल

लारिसा खान परिवार को बताया अपनी 'फैमिली'

वर्ष : 12 | अंक : 328 | लखनऊ, 27 नवम्बर ,शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

खबर संक्षेप

एनजीटी ने जल बोर्ड से जवाब तलब किया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने दिल्ली में सीवेज प्रदूषण के मुद्दे पर सख्त रुख



अपनाया है। बिना शोधित सीवेज को नालों में छोड़े जाने के मामले में दिल्ली जल बोर्ड से जवाब तलब किया है। अधिकरण ने इस व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए डीजेबी को फटकार लगाई है।मौके पर जांच करने का आदेश दिया।

लालू परिवार को बड़ा झटका, चुनौती रद्द

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी



पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव को याचिकाएं खारिज कर दीं। याचिकाओं में आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामले में उनके खिलाफ आपराधिक आरोप तय करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी।

शरद पवार की सेहत फिर बिगड़ी, भर्ती

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार की तबीयत एक बार फिर से खराब हो



गई है। उन्हें दक्षिण मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी बेटी और पार्टी सांसद सुप्रिया सुले ने बताया कि उनकी हालत डिहाइड्रेशन की वजह से लग रही है। बाबा को ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है।

आनंद मोहन को करना होगा आत्मसमर्पण

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सांसद आनंद मोहन को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने बिहार



सरकार का वह फैसला रद्द कर दिया है, जिसके तहत आनंद मोहन को सजा में छूट देकर रिहा किया गया था। यह मामला 1994 में तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या से जुड़ा है।

खरगे ने लखनऊ में नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

एसआईआर और ईवीएम से वोट का अधिकार छीन रहे मोदी और सीईसी

प्रधानमंत्री, मुख्य निर्वाचन आयुक्त और मुख्यमंत्री योगी पर साधा निशाना

संविधान रक्षा मार्च को लेकर कार्यकर्ताओं मे भरा जोश

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक /लखनऊ,

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे गुरुवार को लखनऊ में संविधान रक्षा मार्च को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और उनके भीतर जोश भी भरा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में संबोधन के दौरान निशाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ थे।

खरगे ने विधानसभा मार्ग पर आंबेडकर महासभा के कार्यालय पहुंचकर डॉ. अंबेडकर के अस्थि कलश पर श्रद्धांजलि अर्पित की। खरगे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हमें गठबंधन को मजबूत करना है और मोदी-योगी को सत्ता से हटाना है। हम सभी को जीतने के लिए साथ मिलकर लड़ना होगा और अहंकार भरी बातें छोड़नी होंगी। उन्होंने कहा कि मोदी और ज्ञानेश गठबंधन कर एसआईआर और ईवीएम के जरिए लोगों से वोट का अधिकार छीन रहे हैं।



इनके 'मुंह में राम-बगल में छुरी'

खरगे के निशाने पर इस दौरान भाजपा का शीर्ष और उत्तर प्रदेश का नेतृत्व रहा। उन्होंने कहा कि जब योगी सांसद थे, तब संसद में रो रहे थे। मुझसे किसी ने पूछा कि वे क्यों रो रहे हैं। तब मैंने कहा था- ये लोग ऐसे ही रोते हैं, 'मुंह में राम-बगल में छुरी।

हम लोग डरने वाले नहीं

खरगे ने कहा कि संविधान बनाने में उत्तर प्रदेश की बड़ी भूमिका रही। सबसे पहले यहीं से पास हुआ था कि 1935 का एक्ट समाप्त किया जाए। बाबा साहब ने वोटिंग का अधिकार दिया। अब भाजपा उसे छीन रही है। हम डरने वाले लोग नहीं हैं। बाकी लोग कभी डर के बैठ जाते हैं, कभी भाजपा के साथ चले जाते हैं।

सभी मिलकर संविधान की रक्षा करें

खरगे ने संविधान की मूल भावना, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीने का अधिकार देता है। इसकी रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इन संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए हम सभी एकजुट होकर अपनी आवाज को बुलंद करें।



एसआईआरके खिलाफ नेता का प्रदर्शन

सरकार के लोग संविधान की आत्मा को तार-तार कर रहे

संविधान दिवस के मौके पर 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने दिल्ली में मंदिर मार्ग पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मार्च निकाला और एसआईआर को रद्द करने की मांग की। इस दौरान बोरा ने कहा, मतदाता सूची से हटाया गया हर नाम एक मतदाता की आवाज दबाना है। मतदाता अधिकारों के बिना संविधान दिवस नहीं! एक तरफ सेंट्रल दिल्ली में संविधान दिवस मनाया जा रहा है, दूसरी ओर इसी सरकार के लोग संविधान की आत्मा को तार-तार कर रहे हैं। ज्ञानेश के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्टर और बैनर थाम रखे थे।

दिल्ली कांग्रेस ने ईसी के खिलाफ की नारेबाजी

दिल्ली कांग्रेस ने भी एसआईआर में कथित गड़बड़ी के खिलाफ संविधान दिवस पर मतदान के अधिकार की सुरक्षा की मांग को लेकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। मार्च सिविल लाइंस स्थित ट्रॉमा सेंटर के सामने चांदगी राम अखाड़ा से शुरू हुआ। लोग पोस्टर लिए हुए और भाजपा और चुनाव आयोग के खिलाफ नारे लगाए।

जोश में बात कर रहे मसूद यूपी में गठबंधन होकर रहेगा

खरगे ने इमरान मसूद को नसीहत देते हुए कहा कि मसूद जोश में बोलने वाले नेता हैं। उत्तर प्रदेश के चुनाव में गठबंधन होकर रहेगा। जो दल हमारे गठबंधन में हैं उनके नेताओं के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। हमें मर्यादा में बात कहनी चाहिए।

सीजेपी का नागपुर मे प्रदर्शन

लोकतंत्र की रक्षा करेंगे, चुनावों में गड़बड़ी का आरोप लगाया



सीजेपी ने नागपुर में सेव डेमोक्रेसी, सेव कॉन्स्टिट्यूशन कार्यक्रम की घोषणा की है। फाउंडर अभिजीत दीपके ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री से जुड़ी सामग्री को बढ़ावा दिया जा रहा है, जबकि अन्य पोस्ट को दबाया जा रहा है। इंस्टाग्राम से 50 लाख से ज्यादा पोस्ट हटाए गए हैं। उन्होंने पीएम मोदी की तस्वीर लगाई और मोदी चालीसा भी बजाई।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा दीपम विवाद

सभी अवमानना याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगी अदालत



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उच्चतम न्यायालय तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने के विवाद से जुड़ी सभी अवमानना याचिकाओं पर 27 नवंबर को सुनवाई करेगा। वार्षिक उत्सव के तहत मंगलवार को तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित उचि पिल्लैयार मंदिर के ऊपर महादीपम जलाया गया। भाजपा समेत कुछ अन्य संगठन दीपथून स्तंभ पर दीपक जलाने की मांग कर रहे थे। इसे लेकर सैकड़ों लोगों ने इसी दिन विरोध प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि दीपथून स्तंभ पर दीपक जलाने की उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बावजूद दीपक वहां नहीं जलाने दिया गया। कोर्ट ने भी नाराजगी जताई है।

भाजपा ने राज्यपाल को दिया ज्ञापन, सीबीआई जांच हो

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर धार्मिक अधिकारों के कथित उल्लंघन और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी की जांच कराने की मांग की। उन्होंने पुलिस पर श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की भी मांग की है। राज्य सरकार के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा। सरकारी अधिकारियों और प्राधिकारियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया

दीपके, दास और रांका से कोर्ट ने मांगा जवाब

सीजेपी के नेताओं अभिजीत दीपके, सौरभ दास और आशुतोष रांका को सुप्रीम कोर्ट से एक और नोटिस मिल गया है।सार्वजनिक प्रदर्शनों और विरोध-प्रदर्शनों के नियम-कायदे तैयार करने के निर्देश का अनुरोध किया गया है। सीजेआई की पीठ ने केंद्र , सीजेपी नेताओं को नोटिस दिया है।

सीजेपी के 400 समर्थकों के खिलाफ लुकआउट

सौरव दास के अलावा मुंबई पुलिस ने रांका और दीपके के खिलाफ भी लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। मुंबई पुलिस की ओर से यह कार्रवाई 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर शिवाजी पार्क में बिना अनुमति आयोजित प्रदर्शन से जुड़ी एफआईआर के तहत की गई है। इसी लुकआउट सर्कुलर के आधार पर ही दास 23 नवंबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर लंदन जाने से रोके गए थे। यह सर्कुलर इसलिए जारी किया गया है ताकि यह तीनों देश छोड़कर नहीं जाएं। पुलिस की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद इस प्रदर्शन में 400 से अधिक लोग शामिल हुए थे। मुंबई पुलिस को एफआईआर में 400 से अधिक समर्थकों के नाम हैं।

थरूर का संसद की बैठकों पर सवाल

कामकाजी दिन घटकर 70 हुए केंद्र जिम्मेदारी तय नहीं कर रहा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस ने गुरुवार को संसद की कार्यवाही से लेकर ग्रामीण



अर्थव्यवस्था तक के मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार संसद को बहस और जनता की समस्याएं उठाने का मंच बनाने के बजाय कानूनों पर मुहर लगाने वाली संस्था में बदल रही है। उन्होंने कहा कि संसद के सालाना कामकाजी दिनों में लगातार कमी आई है। थरूर ने कहा कि 1950 के दशक में संसद सालाना करीब 120 से 170 दिन तक बैठती थी, लेकिन अब वह अवधि घटकर लगभग 70 दिन रह गई है।

थरूर ने आरोप लगाया कि सरकार संसद में जनता के मुद्दों पर चर्चा और कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित नहीं करना चाहती। दूसरी ओर, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने महंगाई, बेरोजगारी और घटती आमदनी को लेकर सरकार पर हमला बोला।

बाल विवाह मुक्त भारत के 2 वर्ष पूरे

महिला एवं बाल विकास आज आयोजित करेगा 'कार्यक्रम'

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश में बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने 'बाल विवाह मुक्त भा र त ' अभियान के 2 वर्ष पूरे होने के पर महिला एवं बाल विकास मं त्र ा ल य शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसमें विभाग की मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल होंगी। विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संस्थाओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। मंत्रालय के अनुसार अभियान की शुरुआत 27 नवंबर 2024 को की गई थी। इसका उद्देश्य सरकार और समाज के सभी वर्गों की सामूहिक भागीदारी के माध्यम से देश से बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करना है। इस अभियान के तहत जागरूकता बढ़ाने, समुदायों को सक्रिय करने और बाल विवाह रोकने के लिए संस्थागत व्यवस्था मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है।



अन्नपूर्णा देवी

सपा के 'प्रण पत्र' पर भाजपा समेत कांग्रेस ने दी प्रतिक्रियाएं

विपक्ष अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा, झूठे वादों से ही हार की गारंटी सुनिश्चित हो जाएगी:भाजपा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भाजपा नेताओं और प्रवक्ताओं ने सपा व आजम खान की बयानबाजी पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सपा की



राजनीति तुष्टिकरण और समाज को बांटने तक सीमित रही है तथा अपने शासनकाल के जमीन कब्जों और कानून-व्यवस्था के संकट से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे बयान दिए जा रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने सवाल उठाते हुए कहा कि विपक्ष अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। पंकज चौधरी ने कहा कि झूठे वादों से ही पार्टी की हार को गारंटी सुनिश्चित हो जाएगी। सपा का झूठा घोषणापत्र जनता पहले भी देख चुकी है और इस बार भी स्वीकार नहीं करेगी। दोनों दलों के बीच जिस तरह बयानबाजी चल रही है, उससे साफ है पहले ही गठबंधन का बंटाधार हो चुका है।

कांग्रेस ने भी अपना मसौदा तैयार किया: राजेंद्र गौतम

कांग्रेस नेता: राजेंद्र पाल गौतम ने सपा के अलग घोषणापत्र जारी करने पर असंतोष जताते हुए कहा कि गठबंधन में सहयोगी



दल संयुक्त रूप से घोषणापत्र लाते हैं। उनके अनुसार, कांग्रेस ने भी अपना मसौदा तैयार किया है और यदि उत्तर प्रदेश में गठबंधन तय होता है तो संयुक्त घोषणापत्र जारी होगा, अन्यथा कांग्रेस अपना मसौदा जारी करेगी। उन्होंने दोनों दलों के नेताओं से संयम बरतने की अपील भी की।

प्रधानमंत्री के बाद मंत्री गडकरी ने लिया बंगाल की झालमुड़ी का स्वाद

राज्य में 8,700 करोड़ रु. के निवेश वाली 22 नेशनल हाईवे परियोजनाओं का शुभारंभ किया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के खोलाघाट में सीएम शुभेंदु अधिकारी के साथ बंगाल मशहूर स्ट्रीट फूड झालमुड़ी का स्वाद चखा। द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने वहां भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। गडकरी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो में वे मुरमुरे, हरी मिर्च और मसालों से तैयार चटपटी झालमुड़ी



का आनंद लेते और स्थानीय विक्रेता से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। गडकरी ने बताया कि सुवेंदु अधिकारी ने इस खास बंगाली स्नैक का इंतजाम किया था। इससे पहले अप्रैल में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी झारग्राम में अचानक अपना काफिला रोककर झालमुड़ी

बुनियादी ढांचे में होगा महत्वपूर्ण सुधार

इस अधिकारिक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बंगाल के बुनियादी ढांचे को बड़ी सौगात दी। उन्होंने राज्य में 8,700 करोड़ के कुल निवेश वाली 22 नेशनल हाईवे परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसके साथ ही, उन्होंने भविष्य में पश्चिम बंगाल के सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए कुल 1 लाख करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की भी बड़ी घोषणा की।

आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस पर मोगा में बोले केजरीवाल

अब नेता नहीं चलाएंगे, बल्कि आम आदमी देश चलाएगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस पर मोगा में पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हमारी पार्टी का स्थापना दिवस है। बहुत कम समय में एक लंबा सफर तय किया है हमने। जब पार्टी बनी थी तो हम पर बहुत से सवाल खड़े हुए थे- क्या हम कुछ कर पाएंगे? ये पार्टी कितने दिन टिकेगी? लेकिन हम टिके भी रहे और पूरे देश का दिल भी जीता। हमने दिल्ली में सरकार बनाई, पंजाब में सरकार बनाई, जम्मू-कश्मीर से लेकर गोवा-गुजरात तक हमें भारत के लोगों का विश्वास और प्यार मिला। केजरीवाल ने कहा कि 'देश नेता नहीं चलाएंगे, बल्कि आम आदमी देश चलाएगा। केजरीवाल ने मान सरकार के कामकाज और उपलब्धियां गिनाईं। सरकार ने सभी वादे और 5बड़ी गारंटियां पूरी की हैं।

बहुत कम समय में हमने लंबा सफर तय किया



हमने राजनीति को बदल दिया

केजरीवाल ने आगे कहा कि हमने काम की राजनीति की, शिक्षा और स्वास्थ्य पर बात की। हमें राजनीति बदल नहीं पाई, बल्कि हमने राजनीति को बदल दिया। अभी बहुत कुछ करना है। देश के लिए बहुत काम करना है। हम न डरेंगे न पीछे हटेंगे।

राजनीति में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाएंगे

केजरीवाल ने संविधान और आप की स्थापना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2012 को आप ने जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि अब आम आदमी की बारी है। राजनीति में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाना ही पार्टी का मकसद है।

मान सरकार ने सभी वादे पूरे कर दिए

पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर अब हलचल तेज हो गई है। तमाम राजनीतिक दलों ने अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। मोगा में आप ने 'खुशहाल पंजाब' महारैली कर अपने चुनावी कैंपेन को शुरू किया। इसमें केजरीवाल , मान और मंत्री शामिल हुए। रैली में केजरीवाल ने मान सरकार के 5 साल के कामकाज का जिक्र किया और दावा किया 2022 के चुनाव में जनता से किए गए सभी वादे पूरे कर दिए गए हैं।

किसानों को छह लाख रुपये तक का ऋण छह फीसदी से कम ब्याज पर मिलेगा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मोहनलालगंज कस्बे में स्थित उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक में गुरुवार को मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना समेत अन्य सहकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक लखनऊ के सभापति वीरेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों को सरकार की ओर से संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।सभापति वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को कृषि एवं उससे जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए छह लाख रुपये तक का ऋण छह प्रतिशत से कम ब्याज दर पर उपलब्ध करा रही है। ऋण वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि पोर्टल विकसित किया गया है। उन्होंने किसानों से सहकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की अपील की।सभापति वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर भी जोर दिया। उन्होंने किसानों एवं उपस्थित लोगों से अपील की कि अभियान के तहत अपने परिवार और आसपास के सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए जागरूक करें।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना बेहद जरूरी है।शाखा अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि सहकारी ग्राम विकास बैंक किसानों की आर्थिक उन्नति और कृषि गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाना बैंक की प्राथमिकता है। किसानों को जागरूक कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने में इस तरह की गोष्ठियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

शाखा प्रबंधक सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि बैंक के माध्यम से किसानों को विभिन्न सहकारी ऋण योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र किसानों को ऋण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना किसानों के लिए लाभकारी साबित होगी। उन्होंने किसानों से बैंक से संपर्क कर योजनाओं की पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी लेने की अपील की।इस मौके पर शाखा अध्यक्ष अशोक तिवारी एवं प्रबंधक सुधीर कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि वीरेंद्र प्रताप सिंह का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। गोष्ठी में जिला सहकारी बैंक लखनऊ के निदेशक देशपाल सिंह, साधन सहकारी समिति मऊ के प्रशासक रंजीत बक्श सिंह, एडीसीओ विनोद कुमार, एडीओ कोऑपरेटिव शिव कुमार, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष चक्रवीर सिंह, मनीष तिवारी, आशीष सिंह समेत विभिन्न सहकारी समितियों के प्रशासक एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

बाइक टकराने से पकड़ा गया सर्राफ की दुकान में चोरी का आरोपी

बहराइच से चोरी की गईं दो बाइक बरामद, साथी जेवरात और डीवीआर लेकर फरार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद में सर्राफ की दुकान का शटर तोड़कर जेवरात और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर भाग रहे चोरों की बाइक मिजार्गंज फ्लाईओवर पर गाय से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में चोटिल हुए एक आरोपी को मलिहाबाद पुलिस ने मौके से पकड़ लिया, जबकि उसके साथी चोरी का माल लेकर फरार हो गए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर बहराइच से चोरी की गईं दो बाइक बरामद की हैं। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान बाराबंकी के रामसनेहीघाट स्थित बहरीला डी गांव निवासी यश सिंह के रूप में हुई है। वह चिनहट के कमता स्थित कल्याण विहार कॉलोनी में किराये पर रहता है। यश ने 23 नवंबर को अपने साथियों के साथ दो बाइकों से रहीमाबाद में सर्राफ की दुकान को निशाना बनाया था। उसके साथी दुकान का शटर तोड़कर जेवरात और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर रहे थे, जबकि यश बाइक पर बैठकर निगरानी कर रहा था।

वारदात के बाद सभी आरोपी दोनों बाइकों से फरार हो रहे थे। इसी दौरान मिजार्गंज फ्लाईओवर पर एक बाइक गाय से टकरा गई। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और यश चोटिल हो गया। इसके बाद उसके साथी चोरी का माल लेकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने घायल यश को पकड़कर पूछताछ शुरू की तो कई अन्य चोरी की घटनाओं का भी खुलासा हुआ।

बहराइच से चोरी की थीं दोनों बाइक

इंस्पेक्टर के मुताबिक पूछताछ में यश ने बताया कि सर्राफ की दुकान में चोरी के लिए इस्तेमाल की गई एक बाइक करीब एक माह पहले बहराइच के पयागपुर स्थित खुटाना चौराहे से चोरी की थी। बाइक की चेन खराब होने पर उसे मुजासा फ्लाईओवर के पास मुजासा गांव जाने वाली सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। वहीं दूसरी बाइक बहराइच के काजीपुरवा पूर्वी निवासी सिराजुद्दीन की निकली, जिसे आरोपियों ने चोरी किया था। पुलिस ने दोनों बाइक बरामद कर ली हैं।

पूछताछ में आरोपी ने छह नवंबर को अपने साथियों के साथ मलिहाबाद के पाठकगंज महमूद नगर में एक दुकान का शटर तोड़कर सिगरेट, पान मसाला और गुटखा चोरी करने की बात भी कबूल की है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ मलिहाबाद, रहीमाबाद और बहराइच के विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है, जबकि उसके फरार साथियों और सर्राफ की दुकान से चोरी हुए जेवरात व डीवीआर की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

सरोजनीनगर नॉलेज फेस्ट में बड़ी संख्या में सहभागिता

150 स्कूलों और 29 महाविद्यालयों के विद्यार्थी बने प्रतियोगिता का हिस्सा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ अपने प्रदेश के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और क्षेत्र की विकास यात्रा से जोड़ने के उद्देश्य से सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर आयोजित सरोजनीनगर नॉलेज फेस्ट को व्यापक सहभागिता मिली है।प्रतियोगिता में क्षेत्र के 150 विद्यालयों और 29 महाविद्यालयों के 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए डिग्री के साथ दृष्टि भी जरूरी है। नई पीढ़ी को अपनी मिट्टी, इतिहास और सांस्कृतिक विरासत की पहचान होनी चाहिए। युवा केवल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागी नहीं, बल्कि प्रदेश और देश की विकास यात्रा को समझने तथा भविष्य के निर्माण में योगदान देने वाली पीढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार हासिल करना नहीं, बल्कि विचारवान, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है। विद्यार्थियों में जिज्ञासा, जानकारी और प्रश्न करने की प्रवृत्ति विकसित करना जरूरी है। जो पीढ़ी अपने अतीत को जानती है और वर्तमान की चुनौतियों को समझती है, वही भविष्य का बेहतर निर्माण कर सकती है।

प्रतियोगिता के प्रथम चरण का आयोजन प्रतिभागी विद्यालयों में किया गया। इसमें चयनित विद्यार्थी 12 दिसंबर 2026 को एसकेडी एकेडमी में होने वाले दूसरे चरण में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 51 हजार, द्वितीय को 25 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 11 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा चयनित प्रतिभागियों को दो-दो हजार रुपये के सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। डॉ. सिंह के अनुसार नॉलेज फेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी विरासत पर गर्व करने, बौद्धिक क्षमता परखने और सरोजनीनगर की उपलब्धियों व संभावनाओं को समझने का अवसर मिलेगा। इसका उद्देश्य युवाओं को अपने क्षेत्र की पहचान और विकास की कहानी देश-दुनिया तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करना भी है।

घर बैठे जमा कर सकेंगे डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र

लखनऊ। प्रदेश सरकार पेंशनभोगियों को तकनीक आधारित सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जीवन प्रमाणपत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में भारत सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के तत्वावधान में प्रदेश के समस्त जनपदों में एक नवंबर से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 5.0 संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 24 नवंबर तक 2,93,188 जीवन प्रमाणपत्र जमा किए जा चुके हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का 88.05 प्रतिशत है। अभियान के तहत गुरुवार को कोषागार निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय प्रबंधन, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, इंदिरा नगर, लखनऊ में विशेष महाशिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र की सुविधाओं, फेस ऑथेंटिकेशन तथा ऑनलाइन प्रमाणपत्र जमा करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

अखिलेश यादव ने जारी किया संकल्प पीडीए का प्रणपत्र

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने गुरुवार को संविधान दिवस के अवसर पर 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर 27 का संकल्प पीडीए प्रणपत्र नाम से जन-मन का मेनिफेस्टो 2027 जारी किया। संकल्प पत्र जारी करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि पीडीए के लोग अपनी सरकार बनाने जा रहे हैं। सपा सरकार बनाकर किसानों, युवाओं, नौजवानों, महिलाओं, कर्मचारियों सभी वर्गों के लिए किये गये अपने वादों को पूरा करेगी।

उन्होंने कहा कि सभी सरकारी पदों में समयबद्ध तरीके से रिक्तियां पारदर्शी तरीके से भरना सुनिश्चित किया जाएगा। ऐसी भ्रष्टाचार मुक्त प्रणाली विकसित करेंगे कि पेपर लीक समस्या ही न उत्पन्न होने पाए। इसके लिए सम्बन्धित अधिकारी और मंत्री व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। सरकारी रिक्तियों का वार्षिक कैलेंडर बनाया जाएगा और सभी परीक्षाएं समय पर आयोजित की जाएंगी। सपा सरकार में ग्रेजुवेट को नौकरी अथवा रोजगार नहीं दिला पाते हैं तब तक उनको प्रतिमाह 5 हजार रू. पोषण भत्ता देना सुनिश्चित करेंगे। हम पांच सालों में 25 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और 2 से 3 करोड़ युवाओं को रोजगार अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध कराएंगे। शहरों के युवकों को रोजगार के शहरी रोजगार अधिनियम लाया जाएगा। बड़े शहरों में छात्र एवं छात्राओं के लिए आवासीय छात्रावास बनाये जाएंगे। वर्तमान सरकार द्वारा बंद किये गये 26 हजार बंद किये गये प्राथमिक विद्यालयों को पुनः शुरू किया जाएगा। 12वीं पास छात्र एवं छात्राओं के लिए लैपटॉप वितरण योजना पुनः लागू की जाएगी। सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में वाई-फाई सुविधा दी जाएगी। शिक्षा में जीएसडीपी का 6 फीसदी धनराशि व्यय किया जाएगा। अन्य एडेड स्कूलों के लिए सरकार द्वारा 5 हजार रू. विशेष अनुदान दिया जाएगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी सरकार जातिगत जनगणना प्रदेश में शुरू करेगी, जिससे अलग-अलग जातियों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति की जानकारी हो पाये और उनके अनुरूप उत्थान की योजना विकसित की जा सके। बुजुर्ग महिला कारीगरों को 40 हजार रू. सालाना पेंशन दी जाएगी। पीडीए, महिलाओं और गरीबों के लिए प्रदेश भर में समाजवादी कैंटीन खोली जाएगी जिसमें 5 रू. की थाली उपलब्ध करायी जाएगी। अनुसूचित जाति जनजाति के लिए बोर्ड बनाया जाएगा। सरकारी सेवाओं में बैक लॉक पदों को भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाया जाएगा। आरक्षण को प्रभावी रूप से संविधान के अनुरूप लागू किया जाएगा। दलित उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप फण्ड बनाया जाएगा। 50 करोड़ तक के सरकारी ठेकों में दलित एवं पीडीए के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। सपा सरकार प्रदेश में सभी 23 फसलों और दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की लीगल गारन्टी सुनिश्चित करेगी। किसानों की ऋणमाफी करने की योजना तात्कालिक प्रभाव से लागू करेंगे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी सरकार 15 हजार करोड़ रू. का कारपस फण्ड बनाकर गन्ना किसानों का भुगतान 24 घंटे में सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि सिंचाई के लिए किसानों को मुफ्त बिजली दी जाएगी और ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी।

समाजवादी पार्टी की सरकार राज्य स्वास्थ्य नीति 2027 लाएगी। सरकारी अस्पतालों में पीडीए और गरीब लोगों को मुफ्त इलाज दिया जाएगा। सभी 18 मण्डलों में सुपर स्पेसलिटी हॉस्पिटल स्थापित किये जाएंगे।

भाजपा ने शम्भू पाण्डेय को सौंपी मलिहाबाद विधानसभा की सोशल मीडिया कमान

माल कस्बा निवासी शम्भू पाण्डेय को मिला महत्वपूर्ण संगठनात्मक दायित्व, कार्यकताओं में खुशी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और डिजिटल माध्यमों पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से मलिहाबाद विधानसभा-168 में महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। भाजपा लखनऊ जिला के सोशल मीडिया विभाग की ओर से माल कस्बा निवासी शम्भू पाण्डेय को विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक का दायित्व सौंपा गया है।इस नियुक्ति के बाद शम्भू पाण्डेय ने जिलाध्यक्ष विजय मौर्य एवं जिला सोशल मीडिया संयोजक रवि द्विवेदी के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस भरोसे के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। पार्टी की विचारधारा, नीतियों और जनहितकारी कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रसारित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

जनता सपा के वायदे पर भरोसा नहीं करेगी : पंकज चौधरी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा के प्रण पत्र को ढकोसला पत्र बताते हुए साधा निशाना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सपा द्वारा जारी प्रण पत्र को ढकोसला पत्र बताते हुए कहा कि जनता सपा के किसी भी वायदे पर भरोसा नहीं करेगी। जनता विश्वास उन्हीं के वायदों पर करती है जिनका रिकॉर्ड साफ-सुथरा और जनहित के कार्यों में अच्छा रहा हो।

सपा का इतिहास भय, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, अराजकता और तुष्टिकरण की राजनीति का रहा है। सत्ता में रहते हुए सपा ने उत्तर प्रदेश को जिस अराजकता और भय के वातावरण में धकेला था, उसे प्रदेश की जनता आज भी भूली नहीं है। उन्होंने कहा कि यह उत्तर प्रदेश की जनता को छलने का लूटपत्र, धोखापत्र और भ्रमपत्र है। हर चुनाव से पहले सपा भ्रम और फरेब का पुलिंदा लेकर जनता के सामने आती है। उन्हें पता है कि न उनकी सरकार बनने वाली है और न ही उनके वायदे जमीन पर उतरने वाले हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2012 में भी सपा ने बड़े-बड़े वायदे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद जनता के हितों के बजाय अपनी तिजोरियां भरने का काम किया। प्रदेश को दंगों, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी और अपराध की आग में झोंक दिया गया। दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और युवाओं के साथ अन्याय हुआ। सपा शासनकाल में दलित बस्तियों पर हमले हुए, दलित महापुरुषों का अपमान किया गया और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्तियों को क्षति पहुंचाई गई। अखिलेश यादव को आज संविधान और सामाजिक न्याय की बातें करने से पहले अपने शासनकाल के इन कृत्यों पर जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जिन आजम खान के साथ गलबहियां करके संविधान की दुहाई दे रहे थे, उन्हीं आजम खां ने बाबा साहेब के प्रति अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। सपा प्रमुख को पहले उन घटनाओं पर माफी मांगनी चाहिए। सपा के शासनकाल में कानून-व्यवस्था ध्वस्त थी, महिलाओं की सुरक्षा खतरे में थी और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता था। प्रदेश की जनता सपा के शासनकाल के भय और असुरक्षा के वातावरण को आज भी याद करती है।

श्री चौधरी ने कहा कि निवेश और रोजगार को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाले अखिलेश यादव को अपने शासनकाल का हिसाब देना चाहिए। उनके कार्यकाल में उत्तर प्रदेश निवेशकों के भरोसे का केंद्र नहीं बन पाया। निवेश के लिए अनुकूल वातावरण, कानून-व्यवस्था और उद्योगों के विकास की प्राथमिकता उनकी सरकार में नदारद थी। आज निवेश और विकास की बातें करने वाले अखिलेश यादव बताएं कि उनके शासनकाल में प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के कितने अवसर सृजित हुए।

भाजपा सरकार ने अपराध से निकालकर सुरक्षा का प्रदेश बनाया : ब्रजेश पाठक

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भाजपा द्वारा सामाजिक संपर्क अभियान के अंतर्गत दूसरे दिन गुरुवार को सामाजिक संपर्क बैठक का आयोजन राजभवन कॉलोनी स्थित उपमुख्यमंत्री आवास पर किया गया। अनेक समाज, एक परिवार की भावना के साथ आयोजित बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं सामाजिक संपर्क अभियान के संयोजक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से संवाद किया।

बैठक में जैन, सिख एवं मुस्लिम समाज के साथ ही जायसवाल, साहू, तेली, राठौर और कश्यप समाज के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के बाद सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मुफ्ती मंजूर नियामी, पीके जैन एवं भूपेंद्र सिंह तलवार के साथ एक ही थाली में भोजन किया। ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने पिछले वर्षों में ऐतिहासिक बदलाव देखा है। एक समय प्रदेश में गुंडागर्दी, व्यापारियों के साथ लूट और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भय का वातावरण था, लेकिन भाजपा सरकार ने कानून-व्यवस्था को मजबूत कर प्रदेश में सुरक्षा, विकास और विश्वास का माहौल स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि दंगों और हिंसा का सबसे अधिक नुकसान आम नागरिकों एवं गरीब परिवारों को उठाना पड़ता है। भाजपा सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पहले बेटियों को घर से बाहर भेजने में माता-पिता चिंतित रहते थे और रात में किसी के बीमार होने पर दवा लेने निकलना भी मुश्किल होता था। व्यापारी वर्ग भी भय के माहौल में कारोबार करता था, लेकिन आज प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है।

नागरिक अधिकारों का संरक्षण संविधान की मूल भावना

अमन लेखनी समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)। लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती इस बात से तय होती है कि शासन की नीतियों और प्रशासनिक निर्णयों में संविधान की भावना कितनी प्रभावी ढंग से परिलक्षित होती है। प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, निष्पक्ष न्याय और सम्मानजनक जीवन का अवसर उपलब्ध कराना संवैधानिक व्यवस्था का मूल उद्देश्य है। संविधान के प्रति वास्तविक निष्ठा उसके सिद्धांतों को अपने आचरण और कार्यशैली का हिस्सा बनाने से ही प्रदर्शित होती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस लाइन में आयोजित संविधान एवं विधि दिवस समारोह में यह विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान ने देश को ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रदान की है, जिसकी बुनियाद न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर टिकी है। इन मूल सिद्धांतों की रक्षा करना शासन के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है। उन्होंने कहा कि कानून का समान रूप से पालन और न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता ही नागरिकों के बीच व्यवस्था के प्रति भरोसा कायम करती है।

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक

- संविधान दिवस समारोह में विधि रथ रवाना दो विधिक पुस्तकों का किया लोकार्पण



प्रभावशाली बनाने के लिए अभियोजन विभाग के सुदृढ़ीकरण से संबंधित तीन घोषणाएं कीं। नए आपराधिक कानूनों की जानकारी और उनके क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण एवं जागरूकता गतिविधियों के लिए विभाग को 25 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त कार्यालयों में कंप्यूटर और आधुनिक तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अलग से बजट प्रदान किया जाएगा। प्रदेश के सभी जनपदों में अभियोजन कार्यालयों की आवश्यक सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा।

सीएम धामी ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में तकनीक और दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता का विशेष महत्व है। इन व्यवस्थाओं को मजबूत करने से अभियोजन अधिकारियों को अपने दायित्वों के निर्वहन में सुविधा मिलेगी और न्यायालयों में मामलों की पैरवी अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने समारोह में मौजूद लोगों को संविधान की शपथ दिलाने के साथ विधिक जागरूकता के उद्देश्य से तैयार विधि रथ को रवाना किया।

कार्यक्रम में कानून, सामाजिक सरोकार, चिकित्सा, शिक्षा और अभियोजन सेवाओं में विशिष्ट योगदान देने वाले 12 लोगों को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता सीताराम नागलिया, एससी बिरमानी, गोविन्द राम नौटियाल, समाजसेवी कुसुम कण्डवाल, चिकित्सक डॉ. गीता खन्ना एवं डॉ. महेश कुड़ियाल, शिक्षाविद् ललित जोशी तथा पूर्व अभियोजन अधिकारी राम सिंह शर्मा, मनोहर लाल सडाना, सुभाष चन्द्र गुप्ता, त्रेपन सिंह बिष्ट और सुन्दर सिंह गुसाईं शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभाग की उत्तराखण्ड अभियोजन पत्रिका तथा हमारा राज्य, हमारा कानून पुस्तकों का विमोचन भी किया। भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने लंबे विचार-विमर्श के बाद देश के संविधान को स्वीकार किया था।

गो आधारित प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने की तैयारी

लखनऊ। प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश में गो आधारित प्राकृतिक खेती को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इसे व्यापक जन आंदोलन का स्वरूप देने की तैयारी में है। इसके लिए उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग 200 प्रगतिशील किसानों को ब्रांड एंबेसडर के रूप में तैयार करेगा। ये किसान अपने खेतों पर गो आधारित प्राकृतिक खेती के मॉडल का प्रदर्शन करने के साथ दूसरे किसानों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी देंगे। खास बात यह होगी कि ऐसे किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो स्वयं गोपालन करते हों, उनके खेतों पर बायोगैस संयंत्र स्थापित हों और वे प्राकृतिक खेती को अपना चुके हों। पशुपालन, कृषि, उद्यान, वन, आयुष तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर गऊ आधारित प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक सुझाव और संस्तुतियां भी भेजी गई हैं।

संविधान के कर्तव्यों के प्रति रहें सजग : महाना

अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ संविधान की उद्देशिका का हुआ पाठ

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को विधान भवन स्थित पुरुषोत्तम दास टंडन हॉल में विधान सभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ किया। इसके उपरांत उन्होंने विधान सभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संविधान के मूल्यों, आदर्शों, लोकतांत्रिक मर्यादाओं तथा नागरिक एवं संस्थागत कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने संबोधन में कहा कि विधायिका लोकतांत्रिक व्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है और विधान सभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका भी इस व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधायिका जनभावनाओं, जनआकांक्षाओं और जनहित से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श कर कानून बनाती है। ऐसे में विधान सभा से जुड़े प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का दायित्व है कि वह अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, दक्षता और संवेदनशीलता के साथ करे।

उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाएं लोकतंत्र की मजबूती और स्थायित्व का आधार हैं। संस्थाओं की गरिमा, मर्यादा और विश्वसनीयता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जनता के प्रति जवाबदेही जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, वहीं विधायिका द्वारा लिए गए निर्णयों एवं बनाए गए कानूनों को प्रभावी रूप से लागू करने में कार्यपालिका की भूमिका अहम होती है। विधायिका और कार्यपालिका अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाती हैं। अध्यक्ष ने संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को स्मरण करते हुए कहा कि संविधान हमें अनेक अधिकार प्रदान करता है, लेकिन अधिकारों के साथ कर्तव्यों का निर्वहन भी उतना ही आवश्यक है। संविधान की भावना को समझना, उसका सम्मान करना और अपने आचरण में संवैधानिक मूल्यों को अपनाना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हम सभी एक स्वतंत्र लोकतांत्रिक देश के नागरिक हैं और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारा महत्वपूर्ण अधिकार है, लेकिन इस स्वतंत्रता का प्रयोग जिम्मेदारी, संयम और सामाजिक मर्यादाओं के साथ किया जाना चाहिए। स्वतंत्रता के अधिकार का उपयोग ऐसा हो, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को मजबूती मिले। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे समेत विधान सभा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

नाली का गंदा पानी सड़कों पर भरा

स्कूली बच्चों को कीचड़ से गुजरना पड़ रहा; 20 शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं

रायबरेली , नगर पालिका क्षेत्र के नया पुरवा मोहल्ले में नाली का गंदा पानी सड़कों पर भरा हुआ है। इससे रास्ते पर कीचड़ हो गया है। स्थानीय लोगों को रोजाना इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है। नाली चोक होने के कारण पानी सड़क पर बह रहा है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। मोहल्लेवासियों के मुताबिक, जलभराव से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। उन्हें गंदे पानी और कीचड़ से होकर स्कूल जाना पड़ता है। लोगों ने बताया कि गंदा पानी जमा रहने से बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। 5 साल में दिए करीब 20 प्रार्थना पत्र स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क और नाली बनवाने के लिए पिछले 5 साल में करीब 20 प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं। ये शिकायतें नगर पालिका अध्यक्ष, सदर विधायक और जिलाधिकारी को दी गईं। मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ जल्द समाधान नहीं हुआ तो चुनाव में जताएंगे नाराजगी। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका से नाली की सफाई कराकर जलभराव दूर करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले चुनाव में जनप्रतिनिधियों को इस वार्ड में मतदान को लेकर इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

बाइक सवार युवकों पर चाकू-लाठी से हमला

एक आरोपी गिरफ्तार, दो बाल अपचारी पुलिस कस्टडी में; चाकू बरामद

देवरिया , रामनाथ देवरिया में बाइक सवार युवकों पर चाकू और लाठी-डंडे से हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दो बाल अपचारियों को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। घटना में इस्तेमाल चाकू आरोपी की निशानदेही पर मिला। पुलिस के मुताबिक, सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपराचंद्रभान निवासी रितेश चौहान और उनके मित्र नितेश चौहान का बुधवार को वाहन साइड करने की बात पर दूसरे पक्ष से विवाद हुआ था। इस दौरान गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडे, रॉड और चाकू से हमला किया गया। दोनों घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। रितेश चौहान की शिकायत पर सदर कोतवाली में धारा 115(2), 352 और 109(1) के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। गुरुवार शाम 4 बजे प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया। आरोपी रंजू यादव (41), पुत्र स्व. रामबचन यादव, निवासी रामनाथ देवरिया को मालगोदाम के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर हमले में इस्तेमाल चाकू हासिल किया। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

नमामि गंगे घाट पर देव दीपावली पर 5100 दीपों का दान, महाआरती में उमड़ी श्रद्धा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बालूघाट स्थित नमामि गंगे घाट पर बुधवार रात कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर देव दीपावली का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान घाट पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी और सदर विधायक पंकज गुप्ता ने विधि-विधान से मां गंगा की भव्य महाआरती की। गंगा आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर मां गंगा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। 5100 दीपों के दान से घाट रोशनी से जगमगा उठा।

नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी और विधायक पंकज गुप्ता ने मां गंगा की आरती कर जनकल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और नगर पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडेय भी मौजूद रहीं। अतिथियों ने मां गंगा के धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व को नमन करते हुए आयोजन में सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान गंगा भक्तों ने गंगा की पावन धारा में 5100 दीपों का दान किया। जैसे ही दीपों की रोशनी जलधारा में दिखाई देने लगी, पूरा घाट दीपों की जगमगाहट से रोशन हो गया। गंगा की लहरों पर तैरते दीपों का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। घाट पर बनाई गई आकर्षक रंगोलियों ने भी आयोजन की सुंदरता बढ़ाई।

महाआरती के दौरान शंख और घंटों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मां गंगा के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने आरती में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। देर रात तक घाट पर लोगों की आवाजाही बनी रही। बड़ी संख्या में गंगा भक्तों, महिलाओं, युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

देव दीपावली के इस आयोजन ने बालूघाट पर धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव की छटा बिखेर दी। दीपों की रोशनी, गंगा आरती और भक्ति संगीत के बीच श्रद्धालु मां गंगा की भक्ति में लीन नजर आए।

प्रभारी मंत्री की समीक्षा बैठक, बोलीं- 90 फीसदी से ज्यादा समस्याओं का हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गुरुवार दोपहर विकास भवन सभागार में जिले की प्रभारी मंत्री और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में किसानों की परेशानियों, ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी जरूरतों और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रभारी मंत्री ने कहा कि उन्नाव उनका प्रभारी जिला है, जहां हर महीने विकास और कानून-व्यवस्था की समीक्षा होती है। गुरुवार की बैठक भी उसी क्रम में हुई, जिसमें जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी गई।

उन्होंने बताया कि बैठक की शुरूआत किसानों की बुनियादी जरूरतों से की गई। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं और संबंधित अधिकारियों ने जवाब दिए। जहां कमियां मिलीं, वहां सुधार के निर्देश दिए गए। उनका दावा है कि बैठक में उठाई गई 90 फीसदी से अधिक समस्याओं का निस्तारण हो चुका है और बाकी मामलों के समाधान के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। रजनी तिवारी ने कहा कि बैठक का मकसद सिर्फ औपचारिकता पूरी करना नहीं है, बल्कि यह देखना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ गांव, शहर और नगर के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और कोई जरूरतमंद सुविधाओं से वंचित न रहे। जनप्रतिनिधियों की नाराजगी से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने का अधिकार और जिम्मेदारी दोनों हैं। विधायक अपने क्षेत्र को परिवार मानकर काम करते हैं, इसलिए उनका मजबूती से मुद्दे रखना नाराजगी नहीं बल्कि जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। किसी की व्यक्तिगत नाराजगी की उन्हें जानकारी नहीं है।

कचहरी पुल पर वाहन की टक्कर से युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कचहरी पुल पर बुधवार रात करीब 11:30 बजे वाहन की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। भाजपा नेता शिवम आजाद ने पुलिस और एंबुलेंस को बुलाया। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के मुताबिक, हादसे की सूचना मिलने पर शिवम आजाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस और एंबुलेंस को फोन किया। पुलिस की मौजूदगी में घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शिवम आजाद ने पुलिसकर्मियों के साथ घायल को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

हादसे में शामिल वाहन का नंबर वढ 34 उल्ल 1032 बताया गया है। यह वाहन गोकुल बाबा मंदिर के सामने स्थित महावीर फैक्टरी (कपड़ा) के मालिक संदीप जैन का बताया गया है। वाहन कौन चला रहा था और हादसा किन हालात में हुआ, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना के संबंध में शीलू कटियार और मुकेश के नाम भी सामने आए हैं। हादसे में उनकी भूमिका और स्थिति पुलिस जांच के बाद ही साफ होगी।

दो दिन पहले भी इसी मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक युवक घायल हुआ था। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही से हादसे हो सकते हैं। कचहरी पुल पर यातायात नियंत्रण और निगरानी की जरूरत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संविधान दिवस के अवसर पर विधायक ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर विकास योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर में सौंदर्यीकरण कार्यों का वर्चुअल शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत रघुरामपुर में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना और देखा। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत कटियार ग्राम पंचायत रघुरामपुर पहुंचे। जहाँ उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और ग्रामीणों के साथ मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना। विधायक ने कहा कि यह अवसर हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है। आज हम सब डॉ. भीमराव अंबेडकर विकास योजना के अंतर्गत होने वाले सौंदर्यीकरण कार्यों के शुभारंभ समारोह में एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब ने अपना संपूर्ण जीवन समाज में समानता, शिक्षा, न्याय और अधिकारों की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया। बाबा साहेब का मानना था कि किसी भी समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर और सम्मान मिले। उनका प्रसिद्ध संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। विधायक ने बताया कि उत्तर प्रदेश के करीब 3955 बाबा साहेब के स्थलों के सौंदर्यीकरण का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है, जिसमें बांगरमऊ विधानसभा के भी 10 स्थल शामिल हैं। इनका विकास कार्य आज से शुरू हो जाएगा। रघुरामपुर में 9.49 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि शोषित और वंचित का विकास हो और वह मुख्यधारा से जुड़े। उनके सपने को पूरा करने का काम भाजपा सरकार कर रही है। खंड विकास अधिकारी पंकज गौतम, एडीओ समाज कल्याण अजय कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी पूनम रावत, अजीत कुमार, सुशील कनौजिया, मोहित कटियार एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, मायके पक्ष की तहरीर पर जांच शुरू

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। अचलगंज भूपतिपुर गांव में बुधवार दोपहर 25 वर्षीय विवाहिता अंशू की घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जा रहा है कि घटना के समय पति अंकित छत पर अपनी पांच माह की बेटी को खिला रहा था। थोड़ी देर बाद जब वह नीचे कमरे में पहुंचा तो पत्नी को देखकर दंग रह गया। पति ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पति अंकित ने बताया कि असोहा क्षेत्र के बरेला गांव निवासी अंशू से उसकी शादी करीब ढाई साल पहले हुई थी।

प्रभारी निरीक्षक भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विकास के लिए हमेशा संघर्ष करता रहूंगा:-फारूक अहमद एडवोकेट

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। एक निजी कार्यक्रम में बांगरमऊ पहुंचे उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं यश भारती सम्मान से सम्मानित प्रमुख समाजसेवी फारूक अहमद एडवोकेट ने कहा कि बांगरमऊ के विकास के लिए उनका संघर्ष और प्रयास हमेशा जारी रहेगा। बांगरमऊ की धरती और यहां के लोगों से उनका विशेष लगाव है। यहां के लोगों ने उन्हें जो प्यार, अपनापन और सम्मान दिया है, उसे वह कभी भुला नहीं सकते। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बांगरमऊ के विकास की अभी बहुत संभावनाएं हैं। क्षेत्र में विकास के अनेक कार्य होने बाकी हैं, जिनके लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। उनका उद्देश्य है कि बांगरमऊ विकास के नए आयाम स्थापित करे और यहां के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर वह हमेशा अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। फारूक अहमद एडवोकेट ने बांगरमऊ के सभी नागरिकों से आपसी प्रेम, भाईचारा, एकता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी कस्बे और समाज की असली ताकत वहां के लोगों की एकता और आपसी सद्भाव में निहित होती है। सभी धर्मों और समुदायों के लोगों को मिल-जुलकर रहना चाहिए तथा एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनना चाहिए। आपसी प्रेम और भाईचारे से ही समाज और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने कहा कि बांगरमऊ के लोगों से उनका रिश्ता केवल परिचय तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां के लोगों का स्नेह और सम्मान उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वह भविष्य में भी क्षेत्र के लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए यथासंभव प्रयास करते रहेंगे। इस दौरान मौजूद लोगों ने भी फारूक अहमद एडवोकेट के विचारों का स्वागत किया और क्षेत्र के विकास तथा सामाजिक एकता को लेकर अपने विचार साझा किए। इस मौके पर सैयद सगीरुल हसन उर्फ मुन्ना भाई, एडवोकेट सलीम खान राजा, समाजसेवी फजलुर्रहमान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

युवक से मारपीट, चौकी पर माता-पिता से भी मारपीट का आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मगरवारा में दवा लेने जा रहे युवक से रुपए मांगने और मना करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। युवक का आरोप है कि शिकायत लेकर पुलिस चौकी पहुंचने पर उसके माता-पिता के साथ भी मारपीट की गई। घटना का वीडियो बुधवार रात सोशल मीडिया पर सामने आया है। मगरवारा निवासी दीप सिंह छोटू, पुत्र स्व. नरेंद्र सिंह के मुताबिक, वह दवा लेने जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे रोककर रुपए मांगे। मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित शिकायत लेकर मगरवारा पुलिस चौकी पहुंचा। आरोप है कि उस समय चौकी में कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था और इसी दौरान वहां उसके माता-पिता के साथ भी मारपीट की गई।

बुधवार रात सामने आए वीडियो में घटना से जुड़े दृश्य दिखाई देने की बात कही जा रही है। हालांकि वीडियो और पूरे मामले की स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। मगरवारा चौकी इंचार्ज रवि पांडेय ने बताया कि वीडियो के आधार पर शिकायत मिली है। मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। नामजद केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



संविधान दिवस पर छात्राओं को दी गई उद्देशिका के प्रति जानकारी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। संविधान दिवस के अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय बल्लापुर के छात्र, छात्राओं को संविधान उद्देशिका के प्रति जानकारी देते हुए इसके पालन की शपथ ली गई। परिषदीय विद्यालय बल्लापुर में संविधान दिवस के अवसर पर शिक्षक इन्द्रपाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को सविधान उद्देशिका के प्रति विस्तृत जानकारी दी गई तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिवबालक सिंह के नेतृत्व में सविधान को पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने संविधान दिवस की महत्वता व आमजन पर असर आदि सहित अन्य रोचक विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुन्दर लाल, ब्लॉक के ARP रामसनेही, नीलकमल, आशुतोष शुक्ला, अनूप कुमार, शारदेन्दु चौहान, गंगाराम, अनीता, रानी रामेश्वरी आदि लोग मौजूद रहे।



तहसील स्तरीय रैली का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। भारत स्काउट एंड गाइड उन्नाव के तत्वावधान में बीघापुर तहसील स्तरीय रैली का आयोजन गुरुवार को पंडित शिवराज बलीराम शंकर इंटर कॉलेज, सुमेरपुर में किया गया। यह आयोजन सहायक जिला आयुक्त स्काउट बीघापुर प्रदीप कुमार सिंह के संयोजन में संपन्न हुआ।

रैली में पंडित शिवराज बलीराम शंकर इंटर कॉलेज सुमेरपुर, पंडित देव कृष्ण इंटर कॉलेज सगवर, आरआरबीएन इंटर कॉलेज भगवंत नगर और श्री राम शंकर इंटर कॉलेज बेहटा भवानी की स्काउट एंड गाइड टीमों ने भाग लिया और विभिन्न कौशलों का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणो मार्च पास्ट और टेंट निर्माण, बिना बर्तन के भोजन तैयार करना, मीनार एवं बैलगाड़ी बनाकर शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन, विभिन्न प्रकार की गांठें बांधना और रंगोली बनाना आदि शामिल रही।

प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पंडित देव कृष्ण इंटर कॉलेज, सगवर ने स्काउट और गाइड दोनों टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पंडित शिवराज बलीराम शंकर इंटर कॉलेज, सुमेरपुर स्काउट टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आरआरबीएन इंटर कॉलेज, भगवंत नगर स्काउट टीम ने तृतीय स्थान और गाइड टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। श्री राम शंकर इंटर कॉलेज, बेहटा भवानीः स्काउट टीम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेता एवं चयनित विद्यालयों की टीमें अब आगामी 30 नवंबर से 2 दिसंबर 2026 तक जनपद उन्नाव में होने वाली जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

इस अवसर पर पंडित देव कृष्ण इंटर कॉलेज सगवर से स्काउट प्रभारी ध्यान सिंह, श्री राम शंकर इंटर कॉलेज बेहटा भवानी से प्रधानाचार्य मनीष कुमार, आरआरबीएन इंटर कॉलेज भगवंत नगर से स्काउट प्रभारी किरणकांत तथा पंडित शिवराज बलीराम शंकर इंटर कॉलेज सुमेरपुर से संदीप मिश्रा, तेज कुमार, हीरालाल, अरुण कुमार अवस्थी, सुचेन्द कुमार, मुनेश्वर कुमार और नरेश मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार सिंह ने किया।

डंपर की टक्कर से कार सवार घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के सुमेरपुर-बिहार मोड़ के पास डंपर और कार की टक्कर में कार सवार कई बराती गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीघापुर थाना क्षेत्र के ग्राम बहुराजमऊ निवासी संत प्रसाद के अनुसार 20 नवंबर 2026 की रात करीब 8:30 बजे एक बारात बाला कटरी (उन्नाव) से खीरो की ओर जा रही थी। इसी दौरान जब कार सुमेरपुर-बिहार मोड़ के पास पहुंची, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक डंपर/ट्रक (संख्या BR 28 GB 6755) ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय कार में चालक विपिन के साथ बराती संतोष कुमार आशीष , विपिन कुमार और अंशु वर्मा सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार सभी बरातियों को गंभीर चोटें आईं, जिनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को बिहार थाने ले आई।थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मामला पंजीकृत कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।



किशोरी को साथ ले जाकर दूसरे दिन युवक ने छेड़ा दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज हटिया मेला देखने आई एक किशोरी को बाइक सवार युवक बहला फुसला कर अपहत कर ले गया।मेले से वापस घर न पहुंचने पर परिजन रात भर खोज बीन करते रहे। सुबह बाइक सवार युवक किशोरी को गांव के बाहर छोड़ रफूचक्कर हो गया।किशोरी के पिता ने युवक के विरुद्ध अचलगंज थाने में तहरीर दी है। बीघापुर थाना क्षेत्र के गंगा कटरी स्थित एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी बुधवार को बेथर गांव में लगने वाला हटिया मेला देखने अपनी मां के साथ आई थी शाम को मां मेला देखने के बाद वापस लौट गई तथा किशोरी दूसरे दिन वापस आने के की बात कहकर गांव स्थित रिश्तेदारी में रुक गई।शाम को फिर मेला देखने गई तो वापस नहीं लौटी।रिश्तेदारों ने फोन कर घरवालों को सूचना दिया तो खोजबीन चालू हुई। सुबह 2 बजे घर पहुंची तो परिजन उसे अचलगंज थाने लेकर पहुंचे।किशोरी के पिता ने अचलगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के विरुद्ध अपनी लड़की को रात भर गायब रखने की तहरीर दी है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सम्पादकीय

कश्मीर में हर कदम पर सतर्कता जरूरी

जम्मू-कश्मीर में स्थानीय आतंकियों की सक्रियता समाप्त होना निश्चित रूप से सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इसे आतंकवाद के खात्मे का प्रमाण मान लेना जल्दबाजी होगी। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, प्रदेश में अब भी 65 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। इनमें 35 लश्कर-ए-तैयबा और 25 जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं, जबकि पांच अन्य प्रतिबंधित संगठनों से ताल्लुक रखते हैं। यह स्थिति बताती है कि आतंकवाद का स्थानीय आधार कमजोर होने के बावजूद सीमा पार से संचालित नेटवर्क की चुनौती बरकरार है। इसलिए कश्मीर में हर कदम पर सतर्कता जरूरी है। इस चुनौती की गंभीरता इसलिए भी अधिक है क्योंकि 26 नवंबर का दिन भारत के लिए दो महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्मृतियां लेकर आता है। इसी दिन वर्ष 2008 में मुंबई पर हुए आतंकी हमले ने देश को हिलाकर रख दिया था। पाकिस्तान से आए लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने मुंबई में चार दिनों तक तबाही मचाई थी। इस हमले में 166 लोगों की जान गई और सैकड़ों लोग घायल हुए। इस हमले ने साबित किया था कि सीमा पार से आने वाला आतंकवाद केवल सीमावर्ती इलाकों तक सीमित खतरा नहीं है, बल्कि देश के किसी भी हिस्से को निशाना बना सकता है। विडंबना देखिए कि 26 नवंबर को ही देश संविधान दिवस भी मनाता है। वर्ष 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। संविधान प्रत्येक नागरिक को जीवन, स्वतंत्रता, समानता और गरिमा का अधिकार देता है। आतंकवाद इन्हीं लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक स्वतंत्रताओं पर सीधा हमला है। इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं। कश्मीर में शांति स्थापित करना केवल आतंकियों का सफाया करने का विषय नहीं, बल्कि वहां के नागरिकों को भयमुक्त वातावरण में संवैधानिक अधिकारों के साथ जीवन जीने का अवसर देना भी है। अब आतंकवाद का बदलता चेहरा ज्यादा खतरनाक है। आतंकी अब तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्लीपर सेल कभी भी भारत को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि घाटी में स्थानीय आतंकी नेटवर्क ध्वस्त कर दिए गए हैं। अब विदेशी आतंकी ही सक्रिय हैं। सुरक्षा एजेंसियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती इन विदेशी आतंकियों के नेटवर्क, स्थानीय मददगारों और घुसपैठ के रास्तों को पूरी तरह ध्वस्त करने की है। उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, 2024 से अब तक जम्मू-कश्मीर में 548 आतंकी घटनाएं हुई हैं। इनमें 45 जवान शहीद हुए और 138 आतंकी मारे गए। ये आंकड़े बताते हैं कि सुरक्षा बलों को लगातार कठिन परिस्थितियों में मोर्चा संभालना पड़ रहा है। हालांकि स्थानीय आतंकियों का सक्रिय नेटवर्क समाप्त होना सकारात्मक संकेत है, लेकिन विदेशी आतंकियों की मौजूदगी इस उपलब्धि को स्थायी शांति में बदलने की राह में बाधा है। इसके लिए सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल के साथ आतंकियों के वित्तीय और रसद नेटवर्क पर भी प्रहार करना होगा। 26/11 की बरसी और संविधान दिवस का एक साथ पड़ना हमें यही संदेश देता है कि देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं हो सकता और संवैधानिक स्वतंत्रता भी अक्षुण्ण रहनी चाहिए। सतर्कता में जरा-सी चूक आतंकियों को फिर सिर उठाने का अवसर दे सकती है। इसलिए कश्मीर में हर कदम पर सतर्कता जरूरी है।



नरेंद्र मोदी

संविधान दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान की लोकतांत्रिक शक्ति, सामाजिक न्याय और नागरिक कर्तव्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान ने सामान्य परिवार में जन्मे व्यक्ति को भी देश की सर्वोच्च जिम्मेदारी तक पहुंचने का अवसर दिया है। उन्होंने संविधान निर्माताओं के योगदान को याद करते हुए गरीबों के कल्याण, वंचितों के अधिकारों, महिला सशक्तीकरण और आर्थिक समानता के लिए उठाए गए कदमों को संवैधानिक मूल्यों की अभिव्यक्ति बताया। साथ ही संविधान संशोधनों, आपातकाल और लोकतांत्रिक संस्थाओं के इतिहास का उल्लेख कर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के लिए राष्ट्र प्रथम और कर्तव्य भाव को मार्गदर्शक मंत्र बताया।

देश का पथप्रदर्शक : हमारा संविधान

26 नवंबर... 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने हमारे संविधान को अंगीकार किया था। आज हम डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और संविधान सभा के सभी सदस्यों का स्मरण करते हैं। उनकी महानता इस बात में थी कि उन्होंने एक आधुनिक संविधान के निर्माण में भारत की समृद्ध परंपराओं और हमारी सभ्यता के अनुभव को भरपूर स्थान दिया। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में, जहां अनेक पंथ हैं, भाषाएं हैं, रीति-रिवाज हैं, विचार परंपराएं हैं, वहां ये बहुत जरूरी है कि संविधान की गूंज संसद और अदालतों की चारदीवारी से कहीं आगे तक पहुंचे। हमारा प्रयास रहा है कि जन-जन की चेतना से, विशेषकर हमारे युवाओं से संविधान का जुड़ाव और गहरा हो। इससे राष्ट्रीय एकता की वो भावना और मजबूत होगी, जो भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। इसी सोच के साथ एक दशक पहले हमारी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। हमारा संविधान मेरे साथ करोड़ों भारतीयों की जीवन यात्रा का एक अभिन्न हिस्सा है। बचपन के वो साधारण हालात, जीवन के वो संघर्ष, जब भी मैं उस दौर को याद करता हूं, संविधान के प्रति मेरा हृदय अपार कृतज्ञता से भर जाता है। एक साधारण परिवार में जन्म लेने वाला बालक, जिसे विरासत में कोई विशेषाधिकार या सुविधा नहीं मिली, एक दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सेवा का दायित्व संभाल सकता है, ये हमारे संविधान की असाधारण शक्ति का प्रमाण है।

प्रख्यात संवैधानिक विशेषज्ञ ग्रैनविले ऑस्टिन ने हमारे संविधान को 'first and foremost a social document' बताया था। सामाजिक और आर्थिक न्याय की भावना हमारे संविधान के मूल में समाहित है। ऐसे में संविधान निर्माताओं के इस बहुमूल्य सपने को साकार करने के प्रयासों से अधिक संतोषजनक और क्या हो सकता है? विश्व बैंक की हाल में आई एक रिपोर्ट बताती है कि भारत के करीब 50 करोड़ लोग अत्यंत गरीबी से बाहर निकले हैं। पीढ़ियों से चले आ रहे अभावों से मुक्ति पाकर आज करोड़ों माता-पिता अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के सपने देख पा रहे हैं। जब प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से किसी परिवार को झोपड़ी से निकलकर पक्के मकान में गृह प्रवेश का अवसर मिलता है, तब गरिमापूर्ण जीवन जीने का संवैधानिक संकल्प सही मायनों में साकार होता है। जब उज्ज्वला योजना किसी मां को धुएं से भरी रसोई की तकलीफों से मुक्ति दिलाती है, तब हम समानता और जनकल्याण के आदर्शों को आगे बढ़ाते हैं। जब आयुष्मान भारत की वजह से किसी गरीब परिवार को कर्ज की चिंता किए बिना अच्छा इलाज मिलता है, तब उसके जीवन में सामाजिक न्याय का संकल्प साकार होता है। जब मुद्रा योजना और पीएम स्वनिधि के तहत छोटे उद्यमियों और रेहड़ी-पटरी वालों को बिना गारंटी के ऋण मिलता है, तब आर्थिक न्याय की संवैधानिक भावना जमीन पर उतरती है। जब डिजिटल टेक्नोलॉजी, रूपे कार्ड और यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म तक हर नागरिक की पहुंच होती है, तब समावेशिता का संवैधानिक आदर्श साकार होता है। 101वें संविधान संशोधन से जीएसटी जैसे बड़े सुधार का रास्ता खुला, जिसका लंबे समय से इंतजार था। 102वें संविधान संशोधन के माध्यम से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को



संवैधानिक दर्जा मिला। इससे समाज के वंचित वर्गों का वर्षों पुराना सपना पूरा हुआ। हमारी सरकार द्वारा किए गए 103वें संविधान संशोधन को भी लोगों ने सराहा। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई। इससे लंबे समय तक आरक्षण व्यवस्था के दायरे से बाहर रहने वाले समुदायों को लाभ हुआ। 1950 के बाद पहली बार आज हमारे संविधान का अपडेटेड वर्जन आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं में उपलब्ध है। इससे हमारा संविधान जनसामान्य के और करीब आया है। 1950 में संविधान लागू होने के बाद भी हमारे देश में 1860 के दशक में, गुलामी के दौर में बनी दंड संहिता ही लागू रही। भारतीय न्याय संहिता के माध्यम से हमने अपने क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में मौलिक बदलाव लाने का प्रयास किया है। गुलामी के दौर की व्यवस्था में दंड पर जोर था। भारतीय न्याय संहिता का जोर नागरिक आधारित व्यवस्था और न्याय पर है। बीते एक दशक में हमने नागरिकों के कर्तव्यों पर विशेष बल दिया है। हमारी सभ्यता में समाज के हर व्यक्ति को उसकी भूमिका से जुड़े कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का बोध कराने की परंपरा रही है। स्वच्छ भारत से लेकर जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण तक, अनेक जन अंदोलनों में हमें कर्तव्य की इसी भावना के दर्शन हुए हैं। यहां मैं एक और सच्चाई देशवासियों के साथ साझा करना चाहता हूं। हमारे इतिहास में ऐसे अवसर भी आए हैं, जब उन्हीं लोगों ने संविधान को कमजोर करने का रास्ता चुना, जिन पर इसकी रक्षा का दायित्व था। विडंबना देखिए कि ये वही लोग हैं, जिन्हें पांच दशकों तक देश की बागडोर संभालने का अवसर मिला। इस वर्ष, 1951 में हुए पहले संविधान संशोधन के 75 साल पूरे हो चुके हैं। उस समय देश में एक ऐसी सरकार थी, जिसे जनता ने चुनकर नहीं भेजा था। उस सरकार ने अंतरिम संसद में अपने बहुमत का इस्तेमाल करके नागरिकों की मौलिक आजादी छीन ली थी। यह संशोधन देश के पहले आम चुनाव से कुछ ही महीने पहले किया गया था। इसी प्रकार आपातकाल के दौरान किए गए 42वें संविधान संशोधन के भी 50 साल पूरे हो रहे हैं। इस संशोधन ने न्यायिक समीक्षा की शक्ति को सीमित किया और देश की संस्थाओं के बीच शक्तियों के संतुलन को बुनियादी रूप से बदल दिया। मैं युवाओं से यह भी आग्रह करूंगा कि वे 38वें और 39वें संविधान संशोधनों का भी अध्ययन करें। इससे वे समझ सकेंगे कि सत्ता की लालची और संविधान-विरोधी सोच रखने वाली सरकार किस स्तर तक जा सकती है। चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त करने के लिए बार-बार आर्टिकल 356 का दुरुपयोग भी हमारे इतिहास का एक चिंताजनक अध्याय है। एक राजनीतिक दल के नाम करीब सौ बार आर्टिकल 356 थोपने का रिकॉर्ड दर्ज है। एक पूर्व प्रधानमंत्री ने तो इस मामले में अर्धशतक भी लगाया है। हमारे संविधान निर्माताओं की अपेक्षा थी कि पूरे भारत में संविधान अपने मूल स्वरूप और अपनी मूल भावना के साथ लागू हो। लेकिन 70 साल से भी अधिक समय तक आर्टिकल 370 और 35-ए के कारण जम्मू-कश्मीर में हमारा पूरा संविधान लागू नहीं हो पाया। वहां एससी, एसटी, ओबीसी समाज और महिलाओं के अधिकारों का हनन होता रहा। 2019 में जाकर इस ऐतिहासिक अन्याय का अंत हुआ। हमारे संवैधानिक लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका स्पष्ट रूप से तय है। दुर्भाग्य से विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी आज विरोध पक्ष से ज्यादा अवरोध पक्ष बनती जा रही है। आज भारत एक बेहद अहम मोड़ पर खड़ा है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के हमारे सामूहिक प्रयासों को दो सरल लेकिन शक्तिशाली मंत्र दिशा दे सकते हैं... हमारी सोच में 'राष्ट्र प्रथम' और हमारे हर कार्य में 'कर्तव्य भाव'। इन दो मंत्रों को अपना मार्गदर्शक बनाकर और संविधान से शक्ति लेते हुए हम आने वाली पीढ़ियों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

संविधानबोध

नरेन्द्र सिंह तोमर



संविधान, तरुण शक्ति और विकसित भारत

भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली विकास यात्रा में 26 नवंबर का दिन एक अत्यंत पावन, ऐतिहासिक और प्रेरणादायी अवसर है। वर्ष 1949 में इसी दिन हमारी संविधान सभा ने स्वतंत्र भारत के संविधान को अंगीकृत किया था। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की अध्यक्षता वाली प्रारूप समिति और संविधान निर्माताओं की अद्भुत दूरदर्शिता, गहन चिंतन तथा राष्ट्रप्रेम ने हमें ऐसा जीवंत, प्रगतिशील और समावेशी दस्तावेज सौंपा है, जिसने भारत को विश्व के सबसे बड़े और सबसे सफल लोकतंत्र के रूप में प्रतिष्ठित किया है। हमारा संविधान केवल शासन संचालन के नियमों का संकलन मात्र नहीं है, बल्कि यह करोड़ों भारतीयों की आशाओं, आकांक्षाओं, मानवीय गरिमा और सामाजिक न्याय का पवित्र घोषणापत्र भी है। आज जब हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के विराट संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर है, तब इस राष्ट्रीय महायज्ञ के सबसे महत्वपूर्ण संवाहक हमारा 'तरुण भारत' यानी आज की युवा पीढ़ी है। इतिहास साक्षी है कि किसी भी राष्ट्र का वर्तमान और भविष्य उसकी युवा पीढ़ी की सोच, रचनात्मक ऊर्जा, नैतिक मूल्यों और संवैधानिक चेतना पर निर्भर करता है। डिजिटल युग में जन्मा और पला-बढ़ा आज का तरुण भारत अत्यंत जागरूक, तार्किक, नवाचारी और वैश्विक दृष्टिकोण रखने वाला है। वर्ष 2047 में जब भारत अपनी स्वतंत्रता की स्वर्णिम शताब्दी मना रहा होगा, तब यही ऊर्जावान युवा पीढ़ी राष्ट्र के नेतृत्व की बागडोर संभालेगी। संविधान के भाग-तीन में प्रदत्त 'मौलिक अधिकार' युवाओं को विचार एवं अभिव्यक्ति की आजादी, स्वतंत्र रूप से नवाचार करने, उद्यमिता अपनाने और बिना किसी भय या बाधा के आगे बढ़ने की शक्ति देते हैं। आज स्टार्टअप संस्कृति से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल क्रांति, खेल और कला के क्षेत्र में भारत के युवा जो वैश्विक परचम लहरा रहे हैं, उसके मूल में हमारे संविधान द्वारा निर्मित वह लोकतांत्रिक और मुक्त वातावरण ही है। अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं; जहां कर्तव्यों का पालन होता है, वहां अधिकार स्वतः सुरक्षित हो जाते हैं। संविधान के अनुच्छेद 51 (क) में वर्णित 'मौलिक कर्तव्य' आज के तरुण भारत के लिए एक स्पष्ट और नैतिक मार्गदर्शक हैं। देश का हृदय स्थल मध्यप्रदेश अपनी विशाल, मेहनती और प्रतिभाशाली युवा आबादी की ऊर्जा से देश के समग्र विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हमारा यह निरंतर प्रयास रहता है कि प्रदेश के युवा संसदीय कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यशैली से सीधे जुड़ें। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए आज मध्यप्रदेश विधानसभा 'ई-विधान' (नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन - नेवा) जैसी आधुनिक डिजिटल प्रणालियों को अपनाकर पूर्णतः पेपरलेस, त्वरित और पारदर्शी कार्यप्रणाली की ओर तेजी से बढ़ रही है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जब युवा विधायिका की कार्यप्रणाली को निकट से समझते हैं और सकारात्मक लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा बनते हैं, तब 'विकसित मध्यप्रदेश से विकसित भारत' का मार्ग और अधिक सुगम तथा सशक्त हो जाता है। संविधान दिवस का यह पुनीत अवसर पूरे देश और विशेषकर तरुण भारत के लिए आत्ममंथन, कृतज्ञता और नव-संकल्प का दिन है। लोकतंत्र की जड़ों को और अधिक गहरा व मजबूत बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हमारे युवा केवल मताधिकार का प्रयोग करने तक ही सीमित न रहें, बल्कि समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण की हर प्रक्रिया में सक्रिय व जागरूक भागीदार बनें। संविधान की प्रस्तावना में निहित 'न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व' के शाश्वत आदर्शों को जब हमारी युवा पीढ़ी अपने दैनिक आचरण, सार्वजनिक व्यवहार और कार्यसंस्कृति में आत्मसात करेगी, तब भारत को पुनः विश्व गुरु और एक समृद्ध, विकसित राष्ट्र बनने से कोई भी शक्ति नहीं रोक सकती। इसके लिए सभी मिलकर संकल्प लेना होगा।

जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित

दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे पहचान न दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

एक लकड़ी का कटोरा



संकलित

प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहू-बेटे के यहां शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहू-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुराना मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने जमीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखा- तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा. बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूं, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आंखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

संवैधानिक मूल्यों से गढ़ रहे विकसित छत्तीसगढ़

संविधान दिवस

विष्णुदेव साय





संविधान हमारी प्रेरणा, विकसित छत्तीसगढ़ हमारा संकल्प

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान निर्माताओं ने देश की प्राचीन लोकतांत्रिक परंपराओं और आधुनिक लोकतांत्रिक विचारों को ध्यान में रखकर हमारा संविधान तैयार किया। 26 नवंबर को इसे अंगीकार किया गया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने वर्ष 2015 में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निश्चय किया और हर वर्ष हम उत्साह से संविधान दिवस मनाते हैं। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारत के साथ ही दुनिया के अनेक देशों को आजादी मिली, अनेक देशों ने लोकतंत्र अपनाया लेकिन चुनिंदा देशों में ही लोकतंत्र सुरक्षित रह पाया। भारत का लोकतंत्र समय के साथ मजबूत होता गया है इसके पीछे हमारे संविधान की ठोस बुनियाद है।

मुझे इस बात का गौरव है कि मेरे बड़े पिताजी श्री नरहरि प्रसाद साव जी ने आपातकाल के कठिन दौर में जेल जाकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया और अनेक कष्ट सहे। उनका यह त्याग संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। दुर्भाग्य है कि जिस पार्टी की सरकार ने देश को आपातकाल में झोंका और संविधान तथा लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की, वह जनता से अपने इस त्याग के लिए माफी मांगने के बजाय आज भी संवैधानिक संस्थाओं के अपमान का कोई मौका नहीं छोड़ती। आपातकाल के काले दौर में जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचला गया और लोकतंत्र को बचाने उठी हर आवाज को निर्ममता से दबाने की कोशिश की गई, तब देश में लोकतंत्र सेनानियों की सशक्त आवाज गूंजी। उस दौर में मीसा लगाकर आपातकाल विरोधियों को जेलों में ठूंस दिया गया लेकिन आक्रोश की ऐसी लहर उठी कि आपातकाल लगाने वाली सरकार को झुकना पड़ा।

वर्ष 2024 में संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे हुए। इस अवसर पर हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में संविधान की विशेषताओं और उसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हमारे लोकतंत्र को मजबूती दी है। उन्होंने बता दिया कि देश संविधान के मुताबिक चलता है तुष्टीकरण की राजनीति से नहीं चलता।

हमारे संविधानविदों ने संविधान के रूप में देश को चलाने के लिए एक गाइडलाइन दी है। हमारा संविधान अंतिम व्यक्ति के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। अपने कार्यकाल में मोदी जी ने अपनी नीतियों के केंद्र में अंतिम व्यक्ति को रखा है। विश्व बैंक के नवीनतम आकलन के मुताबिक अत्यधिक गरीबी की दर मात्र 2.6 प्रतिशत रह गई है और लगभग 50 करोड़ लोग गरीबी के दायरे से बाहर आ गये हैं। यह हुआ है प्रधानमंत्री मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं से। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास साहेब के संविधान द्वारा बनाये गये गणतंत्र की जगह हिंसा और डर के माध्यम से गनतंत्र बनाना चाहते थे और इसके लिए बस्तर को उन्होंने प्रयोगशाला बनाया था। मोदी जी के नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में हमने सुनियोजित रणनीति बनाकर देश की धरती से माओवाद को हटाया है। आज बस्तर रेड कॉरिडोर नहीं, ग्रीन कॉरिडोर के रूप में जाना जाता है। बस्तर की आदिम संसद मुरिया दरबार गणतंत्र की झांकी में कर्तव्य पथ में दिखती है।

मोदी जी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में मातृशक्ति के लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। हमारी पार्टी ने प्रदेश में स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए लागू किया। आज हमारे देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जनजातीय महिला हैं। हमारे संविधानविदों ने मातृशक्ति के लिए जो सपने देखे थे, वे पूरे हो रहे हैं।

हमारा संविधान नागरिक समानता की बात भी करता है। समान नागरिक संहिता पर हमारी पार्टी का सबसे ज्यादा जोर है। ट्रिपल तलाक के मुद्दे पर कानून बनाकर मोदी जी ने मुस्लिम महिलाओं के हक सुरक्षित किये। यूसीसी को प्रदेश में लागू करने के लिए हमने समिति गठित की है जिसको अनुशंसा आने पर इस दिशा में उचित निर्णय लिया जाएगा। हमने स्पष्ट किया है कि यूसीसी में हमारे जनजातीय भाइयों के अधिकार, उनकी परंपरा, उनकी संस्कृति पूरी तरह सुरक्षित रहेगी। हमारा संविधान सबको अपनी आस्था की आजादी देता है। कुछ देशविरोधी और असामाजिक तत्व प्रलोभन, छल और भय के माध्यम से लोगों को मतांतरित करने की कोशिश लंबे समय से कर रहे थे। ऐसी शक्तियों पर नियंत्रण करने और लोगों को निर्बाध रूप से अपनी आस्था का पालन करने के लिए वातावरण देने हमने छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य कानून लागू किया है।

हमारा प्रदेश बाबा गुरु घासीदास जी की भूमि है। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान की बात कहकर समाज को समानता का संदेश दिया।

देंड

लोकतंत्र कमजोर नहीं



डाकेत वोट के जरिए लाते, बंदूक दिखा और आतंकवाद के जरिए सत्ता बदलना चाहते हैं। मैं रहुल गांधी को बता देना चाहता हूं कि जहांपर लोकतंत्र इतना मजबूत नहीं है कि सत्ता पर आतंकवाद पैसा कर कब्जा कर सके। -राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

तो इनकी दुकानें बंद हो जाएंगी



दुनिया की कोई भी ताकत यदि कहती कि भारत अब नहीं, लेकिन मैं आपको दावा करता हूं और स्वयंसेवक और डिसिप्लेन के लिहाज से विश्वास करती हूं। अगर संघ तबाही करता है, तो इनकी दुकानें बंद हो जाएंगी। -सोहन लखाशा, अरुणाचल सीएम

राधे-राधे तो शुरुआत है



अगर 1990 के दशक में राम मंदिर के खिलाफ कोई सामाजिक रिफार्म होते तो अयोध्या में समस्याएं पैदा नहीं खड़ी जाती। उन्हें अब मुसलमानों और हिंदुओं से बातचीत करनी चाहिए। 'राधे-राधे' से अच्छी शुरुआत है, सबके लिए सबका साथ का नारा वास्तविक आ रहा है। -योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

संपर्क सुविधा मजबूत होगी



रेलवे लाइन, सड़क के चौड़ीकरण और सुरक्षादी के लिए सर्वेक्षण का टेंडरिंग के बाद, हिमालय डिफेन्स क्षेत्र में अच्छा की आवश्यकता नहीं खड़ा का प्रयोग है। इससे सबके सुविधा मजबूत होगी और पूर्वोत्तर के तेज गति से उत्पादों के लिए नए बाजार खुलेंगे लोगों को रोजगार मिलेंगे। -हिमंत विश्व शर्मा, मुख्यमंत्री, असम

संक्षेप

नवावां में गेहूं की फसल जोतने का आरोप

पीड़ित पक्ष ने संतोष और प्रेमपती के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की

अमेठी ,तिलोई तहसील के नवावां गांव में गेहूं की फसल जोतने का आरोप लगा है। पीड़ित पक्ष ने अधिकारियों से मामले की जांच कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के मुताबिक, नवावां (परगना रोखा) की भूमि संख्या 1667/0.439 प्रार्थी पक्ष के नाम दर्ज है और उस पर उनका कब्जा है। प्रार्थी पक्ष में रामप्रकाश और ओमप्रकाश (स्व. जगन्नाथ के बेटे), शिवकली (जगन्नाथ की पत्नी) और लखनदेई (रामदुलारे की पत्नी) शामिल हैं। उनका कहना है कि करीब 20 दिन पहले जमीन पर गेहूं बोया था। फसल करीब 2 इंच तक उग चुकी थी। आरोप है कि संतोष और प्रेमपती (निवासी पूरे उदवत मजरे नवावां, परगना रोखा, तहसील तिलोई, जिला अमेठी) ने रात में सरहेंगी से फसल जोत दी।प्रार्थी पक्ष के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच पहले कोतवाली मोहनगंज में सुलहनामा हुआ था। उनका आरोप है कि इसके बावजूद संतोष और प्रेमपती सरहेंगी और झगड़े पर आमादा हैं 26 नवंबर 2026 को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़ित पक्ष ने जांच, ऋ़कफ दर्ज करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने दोबारा जमीन जोतने और बोने की अनुमति देने की भी मांग की है।

पुराने नल के विवाद में दो-पक्षों में मारपीट

पति-पत्नी समेत कई लोग घायल; केस दर्ज

अमेठी,जगदीशपुर के भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के कैमा गांव में पुराने नल के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। इसमें पति-पत्नी समेत कई लोग घायल हुए। पुलिस ने घायल कर्मराज की पत्नी किरन की शिकायत पर अमन, पवन और मंजीत के खिलाफ केस दर्ज किया है।जानकारी के मुताबिक, 24 नवंबर को कर्मराज डण्डेश्वर धाम से लौट रहे थे। रास्ते में पुराने नल के विवाद को लेकर उनकी अमन और मंजीत से कहासुनी हुई। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि घर पहुंचने के बाद कर्मराज ने अमन के भाई पवन से घटना की शिकायत की। इस पर फिर कहासुनी शुरू हो गई। इसी दौरान अमन और मंजीत भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि तीनों ने कर्मराज को लाठी-डंडों से पीटा। शोर सुनकर किरन, जमुना प्रसाद, संजना, राज, अयोध्या प्रसाद और मालती बचाव के लिए पहुंचे।

1,813 किसानों से धान खरीदा

अब तक 10,932.35 मीट्रिक टन खरीद; 1,464 किसानों को 2,183.17 लाख का भुगतान

अमेठी , 115 धान खरीद केंद्रों पर धान खरीद जारी है। अब तक 1,813 किसानों से 10,932.35 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है।जिले में खरीद का लक्ष्य 1,53,000 मीट्रिक टन है। अब तक लक्ष्य का 7.15 प्रतिशत पूरा हुआ है। अमेठी धान खरीद में मंडल में पहले स्थान पर है।जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने आज राजापुर अमेरुवा, गोरखापुर, अमेठी और खैरौना के धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया।

दादा मियां के उर्स में सुल्तान नाजा की कव्वाली का चला जादू, पूरी रात झूमती रही हजारों की भीड़

मुंबई के मशहूर कव्वाल ने अपने शानदार कलाम से बांधा समां

देर रात तक गूंजती रही तालियों और वाहवाही की आवाज

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के ऐनी गांव में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही रूहानी और ऐतिहासिक परंपरा के तहत दादा मियां के तीन दिवसीय उर्स का आयोजन पूरी अकीदत और शानो-शौकत के साथ किया जा रहा है। उर्स के मुकद्दस मौके पर 25 नवंबर की रात आयोजित भव्य कव्वाली कार्यक्रम में मुंबई से आए हिंदुस्तान के मशहूर और मारूफ कव्वाल सुल्तान नाजा ने अपनी दमदार आवाज और शानदार अंदाज से ऐसी महफिल सजाई कि पूरी रात हजारों की भीड़ झूमती रही। कव्वाली का आगाज होते ही महफिल में रौनक बढ़ती चली गई। सुल्तान नाजा ने अपने एक से बढ़कर एक उम्दा कलाम पेश कर दर्शकों और जायरीनों का दिल जीत लिया। उनके हर कलाम पर तालियों की गड़गड़ाहट, वाहवाही और लोगों की फरमाइशों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। कव्वाली का कार्यक्रम पूरी रात जोर-शोर के साथ चलता रहा और लोग अपनी जगहों पर डटे रहकर इस शानदार महफिल का लुत्फ उठाते रहे। उनकी बुलंद आवाज, दिलकश गायकी और पेश करने के अनूठे अंदाज ने समां बांध दिया। खास बात यह रही कि सुल्तान नाजा केवल कव्वाली की दुनिया में ही नहीं, बल्कि फिल्मी दुनिया में भी अपनी पहचान रखते हैं। उन्होंने कई फिल्मी गाने भी लिखे हैं। फिल्म झूम बराबर झूम शराबी के गानों से भी उनका नाम जुड़ा रहा है। यही वजह रही कि उनकी प्रस्तुति को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। उनकी कव्वाली ने उर्स की रौनक में चार चांद लगा दिए। गौरतलब है कि ऐनी गांव में दादा मियां का उर्स सैकड़ों वर्षों से आयोजित होता आ रहा है। इस मुकद्दस मौके पर हर वर्ष दो रात शानदार कव्वाली का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश के नामचीन कव्वाल अपनी आवाज और फन का जादू बिखेरते हैं। उर्स में दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जायरीन और अकीदतमंद पहुंचकर अपनी हाजिरी लगाते हैं। कार्यक्रम के दौरान उस्मान अली, सदर शमशुद्दीन बरकाती, सरपरस्त हाजी राशिद अमीन, मोहम्मद कसीम समेत उर्स कमेटी के तमाम पदाधिकारी, सदस्य और गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिसकर्मियों की बेहतर निगरानी और मुस्तैदी के चलते हजारों की भीड़ के बावजूद पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

यातायात माह के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक, सड़क सुरक्षा के बताए नियम।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ जागरूकता कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। यातायात माह नवंबर के अंतर्गत गुरुवार को थाना खैरीघाट पुलिस की ओर से पंडित द्विजेंद्र प्रसाद मिश्र इंटर कॉलेज, राजापुर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निदेर्शों के अनुपालन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने की सलाह दी। इसके साथ ही नशे की हालत में वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने से बचने, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने और नाबालिगों को वाहन न चलाने देने के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिसकर्मियों ने सड़क पर चलते समय यातायात संकेतों का पालन करने और दुर्घटनाओं से बचाव के आवश्यक उपायों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को स्वयं यातायात नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर उपनिरीक्षक रामदयाल गिरी, कांस्टेबल अभिनंदन पाण्डेय, निखिल कुमार सिंह, महिला आरक्षी संध्या एवं उमा देवी सहित थाना खैरीघाट की पुलिस टीम मौजूद रही।

18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का मतदाता सूची में जुड़ेगा नाम, कहरई में एसडीएम ने लगाया विशेष कैंप

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। मतदाता सूची को शत-प्रतिशत दुरुस्त करने और 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदान का अधिकार दिलाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी कैसरगंज अमन देवल ने आज ग्राम पंचायत कहरई पहुंचकर विशेष कैंप का आयोजन किया।कैंप में पात्र युवाओं से फार्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इस दौरान एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गांव में कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहने पाए। ग्राम प्रधान, कोटेदार और बीएलओ को घर-घर जाकर जांच करने तथा 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को चिह्नित कर उनका फार्म-6 भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है, ताकि कोई भी पात्र युवा अपने मताधिकार से वंचित न रहे। मौके पर तहसीलदार कैसरगंज, खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कैसरगंज, लेखपाल पवन चौहान, विजय राज वर्मा सहित ग्राम प्रधान, कोटेदार एवं बीएलओ मौजूद रहे।

संविधान दिवस पर गिरजापुरी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में गुरुवार को गिरजापुरी स्थित कार्यालय पर संविधान दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ से हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए... के संकल्प को एक स्वर में दोहराया। प्रस्तावना पाठ के बाद वातावरण में संविधान जिंदाबाद और संविधान की रक्षा, राष्ट्र की रक्षा जैसे नारों की गूंज सुनाई दी बैठक की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिंदुस्तानी ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा, संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कहा था संविधान कितना ही अच्छा हो, अगर इसे लागू करने वाले लोग बुरे हैं, तो वह भी बुरा साबित होगा।' इसलिए संविधान की रक्षा का दायित्व केवल सरकार का नहीं, हम सभी नागरिकों का है।चर्चा के दौरान वक्ताओं ने भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं, नागरिकों को प्राप्त मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों तथा संवैधानिक मूल्यों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि समानता, न्याय और बंधुत्व का मार्गदर्शक है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 14 से 18 तक समानता का अधिकार हमें यह सिखाता है कि 'समानता का अर्थ केवल कानून के समक्ष समानता नहीं, बल्कि अवसर की समानता भी है।' अनुच्छेद 21 हमें जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है, तो अनुच्छेद 51(ए) हमें याद दिलाता है—'संविधान का पालन करें और राष्ट्रीय ध्वज तथा राष्ट्रगान का आदर करें।कार्यक्रम को अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष शंकर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा, संविधान ने हमें वह अधिकार दिए हैं जिनके लिए पीढ़ियों ने संघर्ष किया। लेकिन अधिकारों के साथ कर्तव्य भी जुड़े हैं—'अधिकार और कर्तव्य एक सिक्के के दो पहलू हैं।' हमें अपने अधिकारों के प्रति सजग और कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहना होगा। महासचिव सूर्य देव ने कहा, संविधान सबको समान नजर से देखता है—'नेकी कर, दुसरों को नेकी की राह दिखा।' हमें संवैधानिक मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में उतारना होगा। प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम निषाद ने कहा, संविधान हमें 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना सिखाता है। बंधुत्व का अर्थ है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास।' सामाजिक कार्यकर्ता बच्चे लाल ने कहा, डॉ. आंबेडकर का सपना था 'ऐसा समाज जहाँ स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का राज हो।' हमें उस सपने को साकार करने के लिए संकल्प लेना होगा। धुरपती देवी ने कहा, संविधान ने महिलाओं को समान अधिकार दिए हैं शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो।' हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना होगा। राम समुझ मौर्य ने कहा, संविधान की प्रस्तावना में 'हम भारत के लोग' शब्द ही बताते हैं कि सत्ता का असली स्रोत जनता है जनता की सत्ता, जनता के लिए, जनता के द्वारा।'

वक्ताओं ने आगे कहा कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि समानता, न्याय और बंधुत्व का मार्गदर्शक है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा, संविधान हमें 'अपने अधिकारों को जानो और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करो' का पाठ पढ़ाता है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' की भावना संविधान के बंधुत्व सिद्धांत में निहित है।

इस मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ और संविधान की रक्षा हमारा धर्म है के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

18 वर्ष के युवाओं को मतदाता बनाने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत ग्राम पंचायत कहरई में विशेष कैंप लगाकर नए मतदाताओं के पंजीकरण की मुहिम चलाई गई।इस दौरान उपजिलाधिकारी कैसरगंज अमन देवल, तहसीलदार कैसरगंज एवं बीडीओ कैसरगंज ने गांव पहुंचकर अभियान का जायजा लिया। अधिकारियों ने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर पात्र युवाओं के फार्म-6 भरवाना सुनिश्चित करें, ताकि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके किसी भी युवा का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से छूटने न पाए। उपजिलाधिकारी अमन देवल ने स्वयं गांव में घर-घर पहुंचकर युवाओं के फार्म-6 भरवाए और लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता बनना जरूरी है। इसके लिए सभी बीएलओ पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने क्षेत्र में अभियान चलाएं और पात्र युवाओं को चिह्नित कर उनका पंजीकरण कराएं। अधिकारियों ने ग्राम प्रधान, कोटेदार एवं संबंधित कर्मचारियों से भी अभियान में सहयोग करने की अपील की, जिससे गांव का कोई भी पात्र युवा मतदाता बनने से वंचित न रहे।

पदोन्नति की राह खुली: राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की वार्ता सफल, कल जारी होगी वरिष्ठता सूची

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बेसिक शिक्षा विभाग में लंबे समय से पदोन्नति की बाट जोह रहे शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बहराइच द्वारा प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन के दबाव के बाद गुरुवार, 26 नवंबर को दोपहर 12 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) और महासंघ के प्रतिनिधिमंडल के बीच सकारात्मक वार्ता संपन्न हुई। जिला अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र के नेतृत्व में हुई इस बैठक में पदोन्नति से जुड़ी सभी प्रमुख मांगों पर सहमति बन गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी बिंदुओं पर लिखित सहमति जारी किए जाने के बाद राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। सहमति पत्र की प्रति जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दी गई है।

बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय कल जारी होगी वरिष्ठता सूची

सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की त्रुटिरहित वरिष्ठता सूची शुक्रवार, 27 नवंबर 2026 तक जारी कर दी जाएगी।

पसंद का स्कूल चुनने का विकल्प

पदोन्नति के दौरान वरिष्ठता के क्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके द्वारा चुने गए एक विद्यालय के विकल्प के आधार पर विद्यालय आवंटित किया जाएगा।

रिक्त पदों का विवरण

पदोन्नति हेतु प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के 1541, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के 669 तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (विज्ञान/गणित) के 176 पद रिक्त चिह्नित किए गए हैं।इसके अतिरिक्त भाषा एवं सामाजिक विज्ञान के रिक्त पदों की संख्या भी शीघ्र ही जारी की जाएगी।

पदोन्नति का क्रम

सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति के संबंध में पदोन्नति समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों से वार्ता कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पदोन्नतिः जनपद के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक और विषयवार सहायक अध्यापक के रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

शीघ्र जारी होगा काउंसलिंग शेड्यूल

वरिष्ठता सूची जारी होने के तुरंत बाद पदोन्नति हेतु काउंसलिंग का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया जाएगा। विभाग और संगठन के बीच बनी इस सहमति से जनपद के हजारों शिक्षकों में खुशी की लहर है और अब जल्द ही पदोन्नति की प्रक्रिया धरातल पर उतरने की उम्मीद जगी है।इस मौके पर जिला महामंत्री उमेश चंद त्रिपाठी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पंकज वर्मा, कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी सहित जिला व ब्लॉक स्तर के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

संविधान दिवस पर निबंध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। रमपुरवा स्थित पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में गुरुवार को संविधान दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह प्रार्थना सभा में हुई। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को संविधान दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़कर बच्चों को शपथ दिलाई गई। संविधान दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान कक्षा 12ए के वीर सिंह ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर नेहा देवी और महिमा शुक्ला रहीं, जबकि तृतीय स्थान मौसमी शुक्ला ने प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 10बी की महिमा शुक्ला ने प्रथम, कक्षा 12ए की अंजली ने द्वितीय और कक्षा 10बी की प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बच्चों को संविधान के महत्व, अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी गई। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान के प्रति जागरूक किया गया।

जादौन लॉ कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 26 नवंबर को जादौन लॉ कॉलेज, गजपतिपुर में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक प्रमोद सिंह जादौन एडवोकेट ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने पर जोर दिया। वहीं सुश्री पूर्णिमा सिंह ने तेज रफ्तार और वाहन चलाते समय मोबाइल के इस्तेमाल से बचने की जानकारी दी। कार्यक्रम में हिमांशी श्रीवास्तव, जीशान अली, आशीष चौबे सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में सभी ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

सिपाहियों पर ट्रैक्टर चढ़ाने के मामले में तीन को सजा

प्रतापगढ़ कोर्ट ने 10-10 साल की कैद सुनाई, प्रत्येक पर 61,500 रुपए जुर्माना

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग की अदालत ने सिपाहियों पर ट्रैक्टर चढ़ाकर कुचलने की कोशिश और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में तीन लोगों को 10-10 साल की कैद सुनाई। प्रत्येक पर 61,500 रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया। अदालत ने कुल जुमार्ने की आधी रकम शिकायतकर्ता को मुआवजे के तौर पर देने का आदेश दिया। दोषियों की पहचान नगर कोतवाली क्षेत्र के तेलिया चौराहा निवासी मेराज अहमद उर्फ राजा बाबू, छोटू डीजे वाला उर्फ मोहम्मद फुरकान और अजीत नगर निवासी इरशाद के रूप में हुई है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, उत्तर प्रदेश पुलिस के सिपाही रवि यादव नगर कोतवाली की मकंद्रूगंज पुलिस चौकी पर तैनात थे। 18 सितंबर 2022 को चेहल्लुम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उनकी ड्यूटी अजीत नगर के पास एनसीसी गली में लगाई गई थी। उनके साथ सिपाही अनिल कुमार भी थे। शाम को छोटू नाइट क्लब नाम से डीजे तेज आवाज में बज रहा था। राहगीरों को हो रही परेशानी के चलते दोनों सिपाहियों ने आवाज कम करने को कहा। आरोप है कि इस बात पर डीजे बजा रहे छह-सात लोगों ने विवाद किया और सिपाहियों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान सिपाहियों पर ट्रैक्टर चढ़ाकर कुचलने की कोशिश की गई। दोनों सिपाहियों ने भागकर अपनी जान बचाई। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराकर सजा सुनाई। राज्य की ओर से डीजीसी योगेश शर्मा और एडीजीसी काशीनाथ तिवारी तथा विक्रम सिंह ने पैरवी की।

संक्षेप

मां ने 9 महीने के बेटे को जिंदा जलाया

बागपत में पति से झगड़ा हुआ था, आरोपी हिरासत में

बागपत , पुरामहादेव गांव में पति से झगड़े के बाद 9 महीने के बच्चे को मां ने जला दिया। शाम करीब 6 बजे बच्चे का पिता उसे बालैनी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। हालांकि, रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बच्चे की मां को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। घटना जिला मुख्यालय से करीब 27 किलोमीटर दूर बालैनी थाने की है तीन साल पहले हुई थी शादी पुरामहादेव गांव के गौरव (35) की शादी 3 साल पहले मेरठ के राधना गांव की डौली से हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। पुलिस के मुताबिक, बुधवार को भी किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। शाम करीब 6 बजे डौली ने अपने इकलौते 9 महीने के बेटे विशिष्ट उर्फ आरव को जला दिया। मां को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉच्युरी भेज दिया गया है। पुलिस ने मां डौली को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। सीओ रोहन चौरसिया ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। फिलहाल बच्चे की मां को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। अभी परिवार की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है। बुधवार शाम करीब सात बजे बच्चे की मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बागपत के एडिशनल रदृ प्रवीण सिंह चौहान भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच के आदेश दिए।

शराब पीकर वाहन चलाने पर 4 गाड़ियां सीज

चेकिंग के दौरान ओवरलोडिंग पर भी हुई कार्रवाई, कुल 1.70 लाख रुपए जुर्माना वसूला

बागपत , सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत एआरटीओ ने चेकिंग अभियान चलाया। शाम करीब 8 बजे तक चले अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने और ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई की गई। एआरटीओ विपिन कुमार के नेतृत्व में कुल 7 वाहन सीज किए गए और 1.70 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीएम के निर्देश पर चलाया अभियान डीएम दिव्यांशु पटेल के निर्देश पर जिले में सड़क हादसों को रोकने और यातायात नियमों का पालन कराने के लिए कार्रवाई की जा रही है।शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 4 वाहन सीजअभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के 4 वाहन सीज किए गए। वहीं, ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई में 3 वाहन सीज हुए। डीएम दिव्यांशु पटेल ने निर्देश दिए कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखी जाए।

सस्ते सोने का झांसा देकर 7.40 लाख ठगने का आरोप

पीड़ित ने डीएम कार्यालय में शिकायत दी, न्याय नहीं मिलने पर गांव छोड़ने की चेतावनी

बागपत। चांदीनगर थाना क्षेत्र के लहचौड़ा गांव निवासी एक युवक ने सस्ते में सोना दिलाने का झांसा देकर 7 लाख 40 हजार रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

बीमारी के चलते सेवानिवृत्त सूबेदार का हुआ निधन

सेवा के जवानों ने पहुंचकर अंतिम यात्रा में दी गाड आफ आनर से विदाई

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर, जनपद के कल्यानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बडौरी गांव में जन्मे देश के लिए अपना अमूल्य योगदान देने वाले अमर सपूत सेवानिवृत्त सूबेदार संजय कुमार पटेल का बीमारी के चलते लखनऊ स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया यह जानकारी मिलते ही समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई निधन के पश्चात गोमती नगर मैक्स हॉस्पिटल से जवान का पार्थिव शरीर पैतृक गांव बडौरी लाया गया जहां अंतिम दर्शन के लिए भारी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रीय नागरिकों समेत समाजसेवियों की भीड़ जुट गई मिली जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्त सूबेदार संजय कुमार पटेल भारतीय सेना में पंजाब के जालंधर की 128 बटालियन में सेवा देते हुए सेवानिवृत हुए थे टॉक्सिन संबंधित बीमारी के चलते लखनऊ के अस्पताल में जवान ने अंतिम सांस ली अंतिम विदाई में गांव पहुंची सैनिकों की टोली ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सेना के जवान को सलामी दी अमर सपूत संजय कुमार पटेल की असमय मौत से घर में पत्नी लक्ष्मी समेत 18 वर्षीय बेटी समीक्षा 10 वर्षीय बेटा अभिनव तथा संपूर्ण परिवार शोका कुल हो उठा परिजनों ने बताया कि अमर जवान के पिता स्वर्गीय रामनारायण भी भारतीय सेना में हवलदार के पद पर सेवा दे चुके थे वहीं अंतिम विदाई के पश्चात छोटे भाई पंकज पटेल ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया देश के लिए अपना अमूल्य योगदान देने वाले अमर बलिदानी संजय कुमार पटेल पंचतत्व में विलीन हुए

मेले से गायब हुई मोटरसाइकिल पीड़ित ने प्रशासन की मांगी सहायता

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद की खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत मेला देखने गए एक दर्शनार्थी की मोटरसाइकिल मेला से गायब हो गई जहां पीड़ित ने थाना पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए सूचना दी मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव गाजीपुर निवासी जिया उल्ला खान पुत्र राहत उल्ला खान विगत दिवस मंगलवार को बैकला बाबा में आयोजित मेला देखने गया था बाइक हीरो होंडा स्प्लेंडर से गए दर्शनार्थी ने अपनी गाड़ी मेले के बाहर खड़ी कर दी वही मेला देखने के पश्चात जब वह वापस लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली आसपास काफी खोजबीन की गई परंतु पीड़ित को निराशा हाथ लगी तथा नजदीकी थाना में सूचना दिया मामले की जानकारी लेने पर थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है मामले की जांच की जा रही है वहीं वाहन की खोजबीन जारी है

संविधान दिवस पर पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर,जनपद के मलवां विकासखंड शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत शिक्षा जगत को नवीन मजबूती प्रदान कर रहे बहुचर्चित विद्यालय पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में संविधान दिवस कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित किया गया विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला की अगुवाई में विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना राष्ट्रीय गीत समेत अनेक कार्यक्रमों को प्रस्तुत करते हुए संविधान दिवस की प्रस्तावना को विस्तृत रूप से बताया विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बुकमार्क बनाया गया वहीं विद्यालय में कविता पाठ आयोजित हुआ जहां प्रतिभागिता निभाते हुए सभी बच्चों ने बारी बारी से अपनी स्वरचित एवं राष्ट्रीय कविता पाठ करते हुए मौजूदा शिक्षकों को भाव विभोर कर दिया विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला समेत शिक्षक रवींद्र कुमार नेहा आदि ने भी संविधान के निर्माण में प्रमुख योगदान देने वाले देश के महान विभूतियों के बारे में बच्चों को अवगत कराया वही सभी बच्चों ने शपथ ग्रहण करते हुए संविधान तथा संविधान निमार्ता के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा नन्हे मुन्ने बच्चे मौजूद रहे

शादी समारोह से लौट रही चार पहिया वाहन पलटी कई घायल



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर, जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुहा कस्बे अमौली तिराहे के समीप विगत रात्रि बुधवार प्रातः गुरुवार को बारातियों से भरी हुई एक ओमनी गाड़ी अनियंत्रित होकर संकेतक से टकराते हुए पलट गई जिसमें कई लोग घायल हुए मिली जानकारी के अनुसार जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवमई गांव से एक बारात में शामिल होने के पश्चात वापस लौट रही ओमनी गाड़ी मार्ग संकेतक से टकराकर खजुहा कस्बे के अमौली तिराहे में पलट गई गाड़ी में सवार 60 वर्षीय बुजुर्ग आसमां बेगम पत्नी रशीद अहमद 35 वर्षीय आमरीन पत्नी पिंटू 35 वर्षीय शबनम पत्नी अनीस अहमद तथा 40 वर्षीय पिंटू समेत साहिबा परवीन पत्नी दानिश निवासी गांव देवमई थाना बकेवर आदि बुरी तरह घायल हुए आनन-फानन मौजूदा लोगों ने घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी भेजा वहीं कुछ लोगों की हालत गंभीर होने की स्थिति देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज फतेहपुर के लिए रेफर किया

तत्कालीन जहानाबाद थाना अध्यक्ष के लिए 20000 की उगाही बनी गले की फांस

महिला ने चौथी बार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर काटा हंगामा

पुलिस अधीक्षक ने न्याय का दिया आश्वासन अपर पुलिस अधीक्षक को सौंप जांच

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर ,जनपद के जहानाबाद थाना प्रशासन के तत्कालीन थानाध्यक्ष योगेश कुमार तथा सिपाही इंद्रजीत के ऊपर कस्बे की सानी गढ़वा निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग विधवा असहाय महिला रजिया पत्नी स्वर्गीय शब्बीर खान ने 20000 रुपए की उगाही करने का आरोप लगाते हुए बिंदकी क्षेत्राधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को कई बार लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई परंतु महिला को न्याय नहीं मिला वहीं मामले को शांत कराने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्कालीन थाना प्रभारी का स्थानांतरण जनपद के थरियांव थाना में कर दिया गया जिससे आहत होकर विगत दिवस बुधवार को महिला चौथी बार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची वहीं प्रार्थना पत्र देने के पश्चात मौजूदा कर्मचारियों ने लापरवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कराना उचित नहीं समझा तथा समय पूरा होने के पश्चात पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक कुर्सी छोड़कर क्षेत्र के दौरे के लिए निकले मुख्य द्वार पर न्याय की अरदास लगाए बैठी महिला ने पुलिस अधीक्षक की गाड़ी के पास पहुंचकर हाथ जोड़ते हुए अपना दुख दर्द बयां किया वहीं महिला ने पुलिस अधीक्षक से बताया कि वह दो वक्त की रोटी के लिए मोहताज है जहां तत्कालीन थाना प्रभारी द्वारा किए गए शोषण से आहत होकर महिला की जेवर भी गिरवी रखी हुई है गिरवी रखकर 20000 रुपए महिला ने प्रशासन को सौंपा था जिसका ब्याज भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है परंतु महिला को न्याय नहीं मिल पा रहा महिला ने बताया कि पूरे साक्ष्य सबूत महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पेश कर चुकी थी जिसके बाद भी अपने विभाग के ऊपर कार्यवाही करना उच्च अधिकारी उचित क्यों नहीं समझते हैं इसी बात को लेकर महिला ने पुलिस अधीक्षक के सामने जमकर हंगामा काटा मामले को समझते हुए जनपद के होनहार कार्य कुशल पुलिस अधीक्षक ने तत्काल बिंदकी पुलिस क्षेत्राधिकारी को दी गई जांच की आख्या प्रस्तुत न होने पर एडिशनल एसपी फतेहपुर को जांच सौंपी अपर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुए देर रात बुजुर्ग महिला के घर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे तथा महिला की बात सुनी वहीं थाने पहुंचकर देर रात तक बिंदुवार अपर पुलिस अधीक्षक ने जांच की जानकारी लेने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि जांच प्रारंभ है जल्द ही जांच पूरी होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

सिकंदरपुर गांव में ग्रामीण ने किया अवैध निर्माण मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर अमौली, फतेहपुर ,जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सिकंदरपुर निवासी ग्रामीण कुंदन पुत्र मन्नू द्वारा गांव की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया गया जिसे देखते हुए क्षेत्रीय लेखपाल हरीश कुमार ने नजदीकी थाना चांदपुर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण द्वारा गांव में पड़ी सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया जिसकी शिकायत गांव के ही ग्रामीण रवींद्र मलखान राजेंद्र रामचंद्र समेत अन्य कई लोगों ने बिंदकी तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी से की थी शिकायत होने के पश्चात क्षेत्रीय लेखपाल ने आरोपी कुंदन को अवैध जमीन पर निर्माण न करने की हिदायत दी वही विगत दिवस आरोपी ने चोरी चुपके सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कार्य कराया जहां जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल हरीश कुमार मौके पर पहुंचे तथा निर्माण कार्य देखकर नजदीकी थाना चांदपुर में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया वही जानकारी लेने पर नवागंतुक थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा तहरीर दी गई है जहां सरकारी अभिलेखों के अनुसार गाटा संख्या



327 जिसका क्षेत्रफल 0.2100 तथा गाटा संख्या 328 जिसका क्षेत्रफल 0.3090 हेक्टर नवीन परती के रूप में दर्ज है जिस पर ग्रामीण कुंदन द्वारा अवैध निर्माण कार्य किया गया है आरोपी के खिलाफ क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 324 (5)329 (3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया

पति को जहर देकर मारने की कोशिश

तबीयत बिगड़ी तब पति को धीमे जहर के बारे में पता चला, पत्नी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , इंदिरापुरम में पति, बेटे और भांजे को धीमा जहर देकर मारने की कोशिश के मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी रेनू भटनागर (42) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने पूछताछ में पति को जहर देने की बात स्वीकार की है। पति की 5 से 6 करोड़ रुपए की ट्रैवल एजेंसी है और उनके नाम पर 2 करोड़ रुपए का इंश्योरेंस भी है। पत्नी खुद इसकी नॉमिनी है। पुलिस के अनुसार, वसुंधरा निवासी सुशील कुमार भटनागर ने पत्नी रेनू, सास लता सक्सेना, साले रवि सक्सेना, साढ़ू सुशील गिरधर और बब्लू के खिलाफ हत्या की साजिश रचने की शिकायत दी थी। आरोप है कि करीब एक साल तक खाने-पीने की चीजों में लेड मिलाकर सुशील, उनके बेटे वंश और भांजे देव को दिया जाता रहा।

ब्लड टेस्ट में मिली लेड की अधिक मात्रा

सुशील के मुताबिक, 21 अगस्त 2025 को कराए गए ब्लड टेस्ट में उनके शरीर में लेड की मात्रा सामान्य से काफी अधिक मिली थी। जांच में क्रोनिक लेड पॉइजनिंग की पुष्टि हुई। हालत बिगड़ने पर उन्हें मैक्स अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। इलाज के बाद उनकी जान बच गई। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें शरीर में लेड की मौजूदगी के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की।

दिल्ली से गिरफ्तार हुई आरोपी पत्नी

पुलिस ने 24 सितंबर 2026 को मिली शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। 25 नवंबर 2026 को आरोपी रेनू भटनागर को दिल्ली के विवेक विहार स्थित झिलमिल कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया अभय डागा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पति की संपत्ति और इंश्योरेंस के लालच में उन्हें धीमा जहर देने की बात स्वीकार की है। मामले में नामजद अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दलित लड़की को बंधक बनाने वाला फूट-फूटकर रोया

बोला- गलती हो गई, माफ कर दो; धमकी दी थी-किसी और की होने नहीं दूंगा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , 24 साल की लड़की को होटल में बंधक बनाने वाला आरोपी सलमान मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद सलमान रोते हुए पुलिसकर्मियों से माफी मांगता नजर आया। वह कह रहा था- 'सर, गलती हो गई, माफ कर दो, अब नहीं होगी गलती।' आरोपी सलमान मेरठ में रोहटा थाना के शाहपुर जैनपुर का रहने वाला है। लड़की की शिकायत पर सलमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आज ही सुबह ररढ ने होटल स्क्वायर पहुंचकर निरीक्षण किया और होटल को खाली कराया। इसके बाद होटल को सील कर दिया।

कैसे पकड़ा गया सलमान?

बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया- सदर बाजार थाने में शिकायत मिली थी कि सलमान नाम के व्यक्ति ने एक दलित महिला को बंधक बनाकर उसका यौन उत्पीड़न किया। शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी लोहिया नगर थाना क्षेत्र के नहर नरहेरा गांव के पास निमार्णाधीन अंडरपास के नजदीक छिपा है। इसके बाद लोहिया नगर और सदर बाजार थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी की।पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरा देखकर आरोपी ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह पास के पुल पर चढ़कर भागने लगा। इस दौरान फिसलकर पुल से नीचे गिर गया। उसके दोनों हाथों में चोट आई है। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

लड़की होटल से बचाओ-बचाओ चिल्लाते हुए बाहर भागी थी

दोपहर 1:30 बजे बज रहा था। सदर बाजार इलाके के आबूलेन मार्केट में स्क्वायर होटल से एक लड़की बचाओ-बचाओ चिल्लाते हुए बाहर भागी। तभी पीछे से आए एक युवक ने उसके बाल पकड़कर खींच लिया और गोद में उठाकर वापस होटल के अंदर ले जाने लगा। लड़की की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ को देखकर आरोपी उसे छोड़कर होटल के अंदर भाग गया। लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन होटल कर्मचारियों ने उन्हें रोक दिया। काफी देर तक हंगामा होता रहा। इसी बीच आरोपी मौका पाकर होटल की तीसरी मंजिल की छत से फरार हो गया।पुलिस के मुताबिक, लड़के ने लड़की को होटल में बंधक बनाकर रखा था। वह उसे चाकू दिखाकर धमकाता था। आरोपी कहता था, अगर तुम मेरी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा। जान से मार दूंगा।ह्न सूचना पर पहुंची पुलिस युवती को अपने साथ थाने ले गई। आरोपी सलमान शादीशुदा है।लड़की सलमान के साथ कंपनी में काम करती थी पुलिस के अनुसार, करीब एक साल पहले गाजियाबाद की रहने वाली लड़की की मुलाकात मेरठ में कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के सलमान से हुई थी।

गलगोटिया यूनिवर्सिटी का छात्र लापता

कमरे से यूनिवर्सिटी जाने की बात कहकर निकला था, मोबाइल स्विच ऑफ; पुलिस तलाश में जुटी



अमन लेखनी समाचार

जेवर,ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में गलगोटिया यूनिवर्सिटी का एक छात्र लापता हो गया। परिजनों ने शाम 4 बजे पुलिस को शिकायत दी। पुलिस छात्र की तलाश कर रही है अमरोहा जिले की निवासी शीला ने शिकायत में बताया कि उनका बेटा उत्तम कुमार गलगोटिया यूनिवर्सिटी में बीसीए एसीसी प्रथम वर्ष का छात्र है। वह दनकौर कस्बे में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता है। परिजनों के मुताबिक, उत्तम मंगलवार सुबह अपने रूम पार्टनर से यूनिवर्सिटी जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह कमरे पर नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला।

क्रिप्टो में निवेश के नाम पर 24 लाख की ठगी

रकम निकालने पर मांगा टैक्स, शिकायत दर्ज

अमन लेखनी समाचार

नोएडा,क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक कारोबारी से करीब 24 लाख रुपये की ठगी कर ली। कारोबारी ने एक ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को असली क्रिप्टो एक्सचेंज समझकर उसमें निवेश किया था। रकम निकालने की कोशिश की तो प्लेटफॉर्म संचालकों ने टैक्स और वेरिफिकेशन फीस के नाम पर अतिरिक्त पैसे मांगे। इसके बाद उनका अकाउंट लॉक कर दिया और संपर्क बंद कर दिया। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

बिनेंस अकाउंट से क्रिप्टोकरेंसी की ट्रांसफर

सेक्टर-21 निवासी कुनाल गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए क्रिप्टोकरेंसी में निवेश और ट्रेडिंग के लिए प्रेरित किया गया था। प्लेटफॉर्म पर भरोसा करके उन्होंने अपने सत्यापित बिनेंस अकाउंट से वेबसाइट पर दिए गए वॉलेट एड्रेस पर क्रिप्टोकरेंसी ट्रांसफर कर दी।



रकम निकालने के लिए मांगी अतिरिक्त फीस

पीड़ित के मुताबिक, 12 नवंबर को उन्होंने जमा रकम निकालने की कोशिश की तो प्लेटफॉर्म ने निकासी रोक दी। रकम जारी करने के लिए टैक्स और वेरिफिकेशन फीस के नाम पर अतिरिक्त भुगतान मांगा गया। इसके बाद प्लेटफॉर्म संचालकों ने जवाब देना बंद कर दिया और उनका अकाउंट भी लॉक कर दिया। तब उन्हें अपने साथ ठगी होने का पता चला।

24,452 डॉलर का किया गया लेनदेन

शिकायत में ठगी की रकम 24,452 अमेरिकी डॉलर यानी भारतीय मुद्रा में करीब 24 लाख रुपये बताई गई है। पीड़ित ने पुलिस से रकम का पता लगाने, क्रिप्टोकरेंसी ट्रांजेक्शन और ब्लॉकचेन ट्रेल की जांच करने की मांग की है।

जेवर में लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप

काम करने के बदले मांगे रुपए, प्रशासन ने जांच शुरू की

अमन लेखनी समाचार



जेवर,ग्रेटर नोएडा की जेवर तहसील में तैनात एक लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप लगा है। रात करीब 11 बजे उनका रिश्वत लेते हुए वीडियो सामने आया। वीडियो में एक किसान सफेद चादर में नोटों की गड्डियां लेकर आता दिखाई दे रहा है। आरोप है कि किसान ने अपनी कार से नोट निकालकर लेखपाल की गाड़ी में रखे। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि किसान सफेद चादर में नोटों की गड्डियां लेकर पहुंचता है। इसके बाद वह अपनी कार से नोट निकालकर लेखपाल की गाड़ी में रखता है। इस दौरान किसी व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

किसान का काम करने के बदले मांगी रिश्वत

आरोप है कि लेखपाल ने किसान का काम करने के बदले उससे रिश्वत मांगी थी। हालांकि, अभी तक वीडियो और लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि वीडियो में दिखाई दे रहा व्यक्ति लेखपाल ही है या नहीं और नोट किस काम के बदले दिए गए थे।

पोस्टर प्रतियोगिता में लड़कियां रहीं अव्वल

शाबरीन मशर्रत पहले, मिन्नत प्रवीण दूसरे और नेहा कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं

'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रतियोगिता में 40 विद्यार्थियों ने लिया भाग

अमन लेखनी समाचार



दरभंगा । डायरिया के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को आदर्श मध्य विद्यालय, लहेरियासराय, दरभंगा नगर में पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी । स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा-छह, सात और आठ के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया । सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाध्यापक मोहम्मद साजिद हसन ने पुरस्कृत किया ।पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा -सात की शाबरीन मशर्रत, द्वितीय स्थान पर कक्षा -सात की मिन्नत प्रवीणऔर तृतीय स्थान पर कक्षा -छह की नेहा कुमारी रहीं।

प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को डायरिया की शीघ्र पहचान, बचाव और उपचार के बारे में जरूरी टिप्स दिए गए।इसके बाद विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और डायरिया से जुड़े जरूरी संदेशों को ब्रश और कलर के माध्यम से आकर्षक ढंग से पोस्टर पर उकेरा। कार्यक्रम में भाग ले रहे विद्यार्थियों ने कहा कि आज डायरिया से जुड़ी जो जरूरी जानकारी मिली है, उसे घर जाकर अपने भाइयों-बहनों व परिवार वालों से भी साझा करेंगे ।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद साजिद हसन ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बहुत ही सहज तरीके से बच्चों के बीच डायरिया के संभावित कारणों एवं बचाव की समझ विकसित करने की कोशिश की गयी, जो कि बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने में मददगार साबित होगी । इस मौके पर पीएसआई इंडिया के प्रोग्राम मैनेजर संजय तरुण ने बताया कि हाथ धोने के विभिन्न चरणों का पालन कर बच्चों को डायरिया समेत कई अन्य संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संक्रामक बीमारियों से बचाव का सबसे सरल और कारगर तरीका साबुन और पानी से हाथों को अच्छी तरह से धुलना है। खाना बनाने और खाने से पहले, शौच के बाद एवं घर की साफ सफाई के बाद हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह अवश्य धोएं । बच्चे को दस्त की शिकायत हो तो तुरन्त ओआरएस का घोल एवं जिंक देना शुरू करना चाहिए,जो कि स्थानीय सरकारी अस्पतालों एवं आशा, एएनएम दीदी के पास निःशुल्क उपलब्ध है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मोहम्मद शकील अहमद एवं सत्यजीत मानिक का विशेष सहयोग रहा ।बच्चों ने इनकी देखरेख में अनुशासित तरीके से कार्यक्रम में भाग लिया ।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों के साथ पीएसआई इंडिया के अखिलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

कुसमरा हत्याकांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

राजेश कुमार सलौनिया हत्याकांड में कन्हैयालाल और मिथलेश पुलिस के हत्थे चढ़े, गोकुलपुरा के पास यात्री प्रतीक्षालय से हुई गिरफ्तारी

अमन लेखनी समाचार



जालौन। कोतवाली जालौन क्षेत्र के ग्राम कुसमरा में हुए राजेश कुमार सलौनिया हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की गिरफ्तारी गोकुलपुरा के पास यात्री प्रतीक्षालय से की गई। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बीते 14 नवंबर को ग्राम कुसमरा निवासी राजेश कुमार सलौनिया पुत्र स्वर्गीय नारायणदास की हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के पुत्र मयंक प्रताप सिंह की तहरीर पर कोतवाली जालौन में हत्या सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत के पर्यवेक्षण और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए कुसमरा निवासी कन्हैयालाल पुत्र जियालाल (करीब 45 वर्ष) और मिथलेश पुत्र जियालाल (करीब 40 वर्ष) को गोकुल-उरगांव नहर बंबा पुलिया के पास ग्राम गोकुलपुरा स्थित यात्री प्रतीक्षालय से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी कन्हैयालाल के खिलाफ हत्या के इस मामले के अलावा वर्ष 2025 में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में भी मुकदमा दर्ज है। वहीं दूसरे आरोपी मिथलेश का आपराधिक इतिहास हत्या के इसी मामले से संबंधित बताया गया है। गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जालौन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

संविधान दिवस पर एएसपी ने पुलिसकर्मियों को दिलाई संविधान की प्रस्तावना की शपथ

अमन लेखनी समाचार

उरई (जालौन)। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को पुलिस कार्यालय उरई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराते हुए संवैधानिक मूल्यों के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एएसपी डॉ. ईशान सोनी ने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता का अधिकार सुनिश्चित करता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से संविधान में निहित मूल्यों के अनुरूप पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस का दायित्व आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही लोगों के मन में पुलिस के प्रति विश्वास को मजबूत करना भी है।

संविधान दिवस पर जालौन के 30 स्थलों पर हुए भव्य आयोजन, मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण से जुड़े जनप्रतिनिधि और अधिकारी

उमरारखेड़ा में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा और डीएम समीर ने महर्षि संत रविदास स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का किया शिलान्यास, सामूहिक रूप से पढ़ी गई संविधान की प्रस्तावना

अमन लेखनी समाचार



जालौन ।संविधान दिवस के अवसर पर जनपद जालौन में व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जिले के 30 स्थलों पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने सहभागिता की। इस दौरान विभिन्न स्थलों पर सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास एवं भूमि पूजन भी किया गया। इसी क्रम में उमरारखेड़ा स्थित महर्षि संत रविदास स्थल पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा और जिलाधिकारी समीर ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। इसके बाद दोनों ने महर्षि संत रविदास स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठन किया और संविधान के मूल आदर्शों, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को याद करते हुए सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के संवैधानिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने महर्षि संत रविदास के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के अंतर्गत कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य को सामाजिक सम्मान और समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमित सक्सेना, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे।

संविधान दिवस पर युवाओं ने लिया संवैधानिक मूल्यों पर आधारित भारत बनाने का संकल्प, युवा दस्तक के चार साल पूरे

गांव-गांव में होगा संविधान की प्रस्तावना का पाठ, राष्ट्रपति से लेकर जनप्रतिनिधियों तक युवाओं की ओर से भेजे जाएंगे पत्र

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। संविधान दिवस के अवसर पर युवा दस्तक अभियान के चार वर्ष पूरे होने पर बुंदेलखंड दलित अधिकार मंच कार्यालय, बघौरा उरई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कर संवैधानिक मूल्यों पर आधारित भारत बनाने का संकल्प लिया। साथ ही गांव-गांव तक संविधान की जानकारी पहुंचाने और लोगों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में आयोजित संविधान सभा की चर्चा के दौरान प्रदीप कुमार और सचिन चौधरी ने कहा कि संविधान का हमारे जीवन में बेहद महत्वपूर्ण स्थान है। यदि संविधान नहीं होता तो आम नागरिकों के अधिकारों और सम्मान के साथ जीवन जीना मुश्किल हो जाता। उन्होंने कहा कि युवा गांव-गांव जाकर लोगों को संविधान के प्रति जागरूक करेंगे। देवेंद्र अनिल, सुरेंद्र कुमार, अनीता देवी और स्नेहराजा ने पितृसत्ता, महिला हिंसा, दहेज प्रथा और युवा लड़कियों से जुड़े मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए। युवा नेताओं धीरज और आफताब ने बेरोजगारी और युवाओं के भटकाव पर चिंता जताते हुए कहा कि अब संविधान को घर-घर तक पहुंचाने की जरूरत है। वहीं एडवोकेट निखत परवीन ने मुस्लिम महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाए, जबकि एडवोकेट आराधना वर्मा ने न्याय तक पहुंच और जीवन में संविधान के महत्व पर अपने विचार रखे। टिंकू ने युवाओं के पलायन और विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति से संबंधित समस्याओं को सामने रखा। प्रदीप यादव, विजय सहित अन्य बुद्धिजीवियों ने संवैधानिक मूल्यों के हनन पर चिंता व्यक्त करते हुए इन्हें बचाने और समाज में स्थापित करने की आवश्यकता बताई। युवा दस्तक एवं बुंदेलखंड दलित अधिकार मंच के संस्थापक और संयोजक एडवोकेट कुलदीप कुमार बौद्ध (हाईकोर्ट) ने कहा कि चार वर्ष पहले युवाओं ने वर्ष 2022 से 2047 तक के 25 वर्षीय विजन के साथ युवा दस्तक अभियान की शुरूआत की थी। यह पहल अब युवाओं की सामूहिक आवाज बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक मूल्यों पर आधारित भारत का निर्माण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि अभियान के चार वर्ष पूरे होने पर युवा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, राज्यपालों, सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों को पत्र भेजेंगे। इन पत्रों के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और उन्हें मजबूत बनाने का संकल्प लेने की अपील की जाएगी। कार्यक्रम में युवाओं ने संकल्प लिया कि संविधान की प्रस्तावना का पाठ गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा और आम लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

औरैया स्टेड हाइवे बस्तेपुर के समीप भीषण सड़क हादसा, बाइक और कार की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत, दो गंभीर घायल

शादी समारोह से लौट रहे थे तीनों युवक, मौत की खबर मिलते ही परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



जालौन। कुठौंद थाना क्षेत्र के जालौन-औरैया हाईवे पर बस्तेपुर के समीप गुरुवार को बाइक और कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको जिला मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, जनपद औरैया के बिजलीघर मोहल्ला निवासी तीन युवक विजय कुमार (21 वर्ष) पुत्र कमलेश, अंकित (19 वर्ष) पुत्र संतोष कुमार और शिव (24) बर्ष पुत्र कल्लू जालौन के ग्राम भिटारा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के बाद बाइक से अपने घर औरैया लौट रहे थे। इसी दौरान बस्तेपुर के पास उनकी बाइक की सामने से आ रही कार से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने विजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल अंकित और शिव कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। उधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

जालौन में शराब के नशे में कूड़ा गाड़ी चलाता दिखा नगर पालिका कर्मचारी, सुरक्षा पर उठे सवाल

दीनदयाल उपाध्याय चौराहे पर नशे की हालत में वाहन चलाने का वीडियो सामने आने की चर्चा, राहगीरों की सुरक्षा को लेकर चिंता



अमन लेखनी समाचार

जालौन ।नगर पालिका परिषद जालौन के एक कर्मचारी के शराब के नशे में कूड़ा गाड़ी चलाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि नगर के दीनदयाल उपाध्याय चौराहे पर नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी चलाते समय कर्मचारी अत्यधिक नशे की हालत में दिखाई दिया। यदि कर्मचारी वास्तव में शराब के नशे में वाहन चला रहा था, तो यह राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हो सकता था।व्यस्त चौराहे पर इस तरह सरकारी वाहन चलाने से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। मामले को लेकर नगर में चर्चा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या नगर पालिका प्रशासन इस मामले का संज्ञान लेकर संबंधित कर्मचारी की जांच कराएगा और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करेगा? फिलहाल कर्मचारी के नशे में होने की आधिकारिक पुष्टि और प्रशासनिक कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है।

चोरी के 22 दिन बाद भी दर्ज नहीं हुई एफआईआर, पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

घर से लाखों के सोने-चांदी के जेवरात और सिक्के चोरी होने का आरोप, थाने के चक्कर लगाने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। रेढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम परावर में चोरी की घटना के 22 दिन बीत जाने के बाद भी एफआईआर दर्ज न होने का मामला सामने आया है। घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और सिक्के चोरी होने से परेशान पीड़ित ने अब पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम परावर निवासी रणविजय सिंह पुत्र जौहरी सिंह के मुताबिक, बीती 3 नवंबर की रात अज्ञात चोर दीवार फांदकर उनके घर में घुस आए। इसके बाद घर के ताले तोड़कर सोने-चांदी के कीमती आभूषण और चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी और थाना रेढ़र में भी कई बार शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित का आरोप है कि घटना के 22 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। थाने के लगातार चक्कर लगाने के बावजूद सुनवाई न होने से परेशान होकर उसने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित ने एसपी से चोरी का मुकदमा दर्ज कराने, चोरी गए आभूषणों की बरामदगी कराने और अज्ञात चोरों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। अब देखना होगा कि पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद पीड़ित को न्याय मिल पाता है या नहीं।

जालौन में मजदूर के मकान में लगी भीषण आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख

कदौरा (जालौन)। कदौरा थाना क्षेत्र के कदौरा कस्बे में अचानक एक मजदूर के मकान में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा गृहस्थी का सामान उसकी चपेट में आ गया और देखते ही देखते सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। अचानक उठती आग की लपटों और धुएं को देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से मजदूर के घर का घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने रोजमर्रा की जरूरतों को लेकर संकट खड़ा हो गया है।

जालौन एसपी की जनसुनवाई में पहुंचे फरियादी, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए कड़े निर्देश

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय परिसर में जनसुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने एसपी के समक्ष अपनी समस्याएं और शिकायतें रखीं। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। साथ ही संबंधित क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को दूरभाष एवं पत्राचार के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट कहा कि पीड़ितों की समस्याओं का समाधान पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे फरियादियों को वास्तविक राहत मिल सके। उन्होंने थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिए कि थानों पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित के साथ मानवीय एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों पर नियमानुसार त्वरित विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जालौन में मंदिर जा रहे पिता, बेटी और बहू को रास्ते में रोककर मारपीट का आरोप, सीओ से लगाई न्याय की गुहार

बेटी और बहू को खेतों की ओर खींचने का आरोप, विरोध करने पर परिवार के साथ मारपीट; डायल 112 को दी सूचना

अमन लेखनी समाचार



जालौन। थाना जालौन क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर कुदारी निवासी एक व्यक्ति ने चार लोगों पर रास्ता रोककर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी जालौन को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, मुकेश सिंह सेंगर पुत्र महेंद्र सिंह 24 नवंबर को शाम करीब 4:41 बजे अपनी लगभग 16 वर्षीय पुत्री सोनाली और बहू वंदना सिंह को मोटरसाइकिल से उमसेन मंदिर लेकर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे शेखपुर बुजुर्ग निवासी कल्लू सिंह, नीरज सिंह, अर्जुन सिंह और सतनाम सिंह ने उनका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर चारों लोग एकराय होकर मारपीट करने लगे। इसी दौरान नीरज सिंह द्वारा उनकी पुत्री और बहू वंदना सिंह का हाथ पकड़कर खेतों की ओर खींचने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित और उसकी बहू के साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान तथा संदीप सिंह सेंगर और राज सेंगर मौके पर पहुंचे। उनके ललकारने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जाते समय आरोपियों ने उन्हें खेती न करने देने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। अब 26 नवंबर को क्षेत्राधिकारी जालौन को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



चार साल बाद आएगा वरुण की फिल्म भेड़िया का सीक्वल

नई दिल्ली। बॉलीवुड में हॉरर-कॉमेडी फिल्मों की बात हो तो 'भेड़िया' का नाम भी दर्शकों की पसंदीदा फिल्मों में शामिल है। वरुण धवन और कृति सेनन स्टारर इस फिल्म को रिलीज हुए चार साल हो चुके हैं, लेकिन फिल्म के किरदार और कहानी आज भी फैंस के बीच चर्चा में रहते हैं। अब फिल्म की चौथी सालगिरह के मौके पर मेकर्स ने दर्शकों को बड़ा सरप्राइज दिया है। बता दें कि 'भेड़िया 2' की आधिकारिक तौर पर पुष्टि हो गई है और फिल्म पर काम शुरू हो चुका है। दरअसल, बुधवार को फिल्म के चार साल पूरे होने पर निर्देशक अमर कौशिक ने सीक्वल को लेकर जानकारी दी।

लाइफ Style

लारिसा

खान परिवार को बताया अपनी 'फैमिली'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बर्मिंघम मॉडल और एक्ट्रेस लारिसा बोनेसी का नाम शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के साथ जुड़ रहा है। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया गया है। वहीं, एक्ट्रेस आर्यन खान के डायरेक्ट किए गए शो द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की स्क्रीनिंग में भी पहुंची थी। अब लारिसा ने खान परिवार को लेकर बड़ी बात कह दी है।

दरअसल, एक्ट्रेस ने खान परिवार को अपनी फैमिली बताया है। उन्होंने कहा है कि उनकी जिंदगी में खान परिवार की एक खास जगह है और वह उन्हें अपने परिवार की तरह मानती हैं। उन्होंने कहा कि खान परिवार के साथ उनका रिश्ता सिर्फ उनकी कामयाबी की तारीफ करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके बीच एक खास जुड़ाव है। लारिसा के इस बयान के बाद आर्यन खान के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने शाहरुख खान को लेकर भी बात की है। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि खान परिवार के लिए उनके मन में सम्मान सिर्फ उनकी प्रोफेशनल कामयाबी की वजह से नहीं है, बल्कि वह उन्हें इंसान के तौर पर भी पसंद करती हैं। उन्होंने कहा, 'खान परिवार मेरे परिवार जैसा है। जब आप किसी की जिंदगी में हासिल की गई कामयाबी, उनके प्रति अपने सम्मान और उनके इंसान होने के तरीके की तारीफ करते हैं, तो आपको लगता है कि वे आपके परिवार जैसे हैं। उनका सपोर्ट मेरे लिए बहुत मायने रखता है। दोस्ती ही सब कुछ है और वह लंबे समय तक साथ निभाती है।' शाहरुख खान के घर में बात करते हुए लारिसा ने कहा, 'वह किंग हैं।



हॉलीवुड मसाला

बिकिनी पर पहना ओम प्रिंटेड सारंग



नई दिल्ली। इंस्टाग्राम पर सामने आई तस्वीरों और वीडियो की तस्वीरों में उनका लुक्स बोल्ड तो दिखने लाजमी है, लेकिन लोगों की नजर वीडियो के आउटफिट पर गई, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया और अब इस पर सवाल भी उठा। बता दें, फोटोज में वीडियो जेकर ने खाकी कलर की बिकिनी के साथ ओम प्रिंट वाला सारंग कैरी किया है जो अब सिताओं की जड़ बन गया है। जैसे ही वीडियो की तस्वीरें सामने आई, वैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और लोग इसे सनातन धर्म का अपमान बताया।



एंजेलीना- ब्रैड के बीच खत्म हुई कानूनी जंग

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड स्टारडम एंजेलीना जोली और ब्रैड पिट के तीसरे तलाक को लेकर चल रहे अपने लंबे कानूनी विवाद में अभिनेता ने आखिरकार समझौता कर लिया है। तीसरा तलाक एक फ्रांसीसी वाइनरी है जिसके दो बच्चे संयुक्त रूप से मालिक थे। यह विवाद 2016 में उनके अलग होने के बाद शुरू हुआ था और इसमें दुर्व्यवहार के आरोप, उनकी बेटी के उल्लंघन के दावे और समझौता में जोली को सोपर्ड की बिक्री शामिल थी। इस कानूनी विवाद के समाधान की पुष्टि पूर्व कपल ने खुद सोमवार को की है। लेकिन इसमें शर्तों का खुलासा नहीं किया। हालांकि इससे वाइनरी की बिक्री को लेकर उनका विवाद समाप्त हो गया है, लेकिन पिट व्यक्तिगत दूरी अदालत के बाहर